हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025



**अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर**

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
- कोपा - इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## 6.47 लाख किताबों में से 1.65 लाख किताबों का वितरण शेष

# बारकोड से निपटने स्कूल की सील का विकल्प, बंट पाएंगी सवा लाख किताबें!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में हर साल वितरित किए जाने वाली मुफ्त पुस्तकों का वितरण इस बार बारकोड स्कैनिंग में आ रही दिक्कतों के चलते काफी प्रभावित हुआ। आलम यह है कि स्कूल खुलने के महीनेभर बाद भी जिले में डेढ़ लाख से अधिक किताबें नहीं बंट पाई है। इसके पीछे किताबों में छपे बारकोड का सही ना होना, यूनिक नंबर का सही तरीके ना छपा होना सहित सर्वर जैसी समस्या थी।

बच्चों के पास जल्द से जल्द किताब पहुंचे इसके लिए प्रदेश शासन ने नियमों में बदलाव कर दिया है। जिसके तहत अब बारकोड स्कैन नहीं होने पर संबंधित शिक्षक अपनी स्कूल का सील लगाकर उसे स्कैन कर सकेगा। इस बदलाव के बाद अगले दो से तीन दिनों में ही शत-प्रतिशत किताब वितरण होने की बातें कही जा रही है। ज्ञात हो कि जिले में पिछले एक महीने से ही किताब वितरण का काम शुरू कर लिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सरकारी किताबें कबाड़ खाने में मिलने के बाद प्रदेश सरकार ने इसकी रोकथाम के दृष्टिकोण से इस सत्र में कई बदलाव किए हैं। जिसके तहत अब सभी सरकारी किताबों में एक यूनिक नंबर एवं बारकोड लगाया गया है, जिस स्कूल में वह किताबें बांटी जा रही है, वहां पहले स्कैन करने कहा गया है। जिससे यह किताबें बाहर बेचे जाने पर बारकोड की मदद से यह पता लगाया जा सके कि किताबें किस स्कूल में वितरित की गई थी, लेकिन छपाई के दौरान बारकोड सही तरीके से प्रिंट नहीं किए जाने के चलते बड़ी मात्रा में किताबों को स्कैन करने में शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, परन्तु अब इस नियम को शिथिल करते विकल्प दे दिया गया है।



### 1.25 लाख बच्चों को बंटेगी 6.47 लाख किताब

पहली से दसवीं कक्षा के 1533 स्कूलों में कुल 125341 विद्यार्थी हैं। जिनको कुल 647787 किताबों का वितरण किया जाना है। इनमें छुरिया के 401 स्कूल में 27244 बच्चों को 133760 किताबें दी जानी है। जिनमें अब तक 110730 का वितरण किया गया है। डोंगरगढ़ के 236 स्कूल में 20155 बच्चों को 108222 किताबें दी जानी है। जिनमें 89222 का वितरण हुआ है। ऐसे ही डोंगरगढ़ के 394 स्कूल में 30024 बच्चों को 143027 में से 102669 किताबें एवं राजनांदगांव ब्लॉक के 502 स्कूल के 47918 बच्चों को 262778 किताबों में से 179207 किताब का वितरण हो पाया है।

### डेढ़ हजार स्कूलों तक पहुंची किताबें

प्रदेश सरकार सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त हर स्कूल में पढ़ने वाले पहली से दसवीं कक्षा तक सभी विद्यार्थियों को मुफ्त में किताबें उपलब्ध कराती है। जिले में सरकारी स्कूलों के साथ ही सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को मिलाकर कुल 1533 स्कूलें है। इनमें छुरिया में 401, डोंगरगांव में 236, डोंगरगढ़ में 394 और राजनांदगांव ब्लॉक में 502 स्कूल शामिल है। सभी स्कूलों में किताबें पहुंचा दी गई है, लेकिन स्कैनिंग समस्या के चलते वितरण 25 फीसदी तक नहीं हो पाया है।

### कक्षावार किताबों की संख्या अलग

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पहली से दसवीं कक्षा तक करीबन 1.49 लाख विद्यार्थी हैं। अलग-अलग कक्षा में किताबों की अलग-अलग संख्या तय है। करीबन साढ़े सात लाख किताबें जिले में वितरित की जानी है। इसमें पहली से तीसरी तक तीन, चौथी-पांचवी में चार, छठवीं से आठवीं तक छह एवं 9वीं-10वीं के बच्चों को सात किताबें दी जाएगी।

### 1.19 लाख किताब नहीं हो पाई स्कैन

जिले के हर ब्लॉक और स्कूल से बारकोड को लेकर शिकायतें सामने आई। हालत यह है कि महीनेभर बाद भी वितरण के लिए पहुंची 647787 किताबों में से 119546 का स्कैनिंग कार्य नहीं हो पाया है। अब बारकोड स्कैन में आ रही दिक्कतों को देखते हुए शासन ने अपनी स्कूल का सील लगाकर स्कैन करने की मंजूरी दे दी है। जिससे यह 119546 किताबें भी स्कैन होने के बाद बच्चों को बांटी जा सकेगी।

### दिया विकल्प

जिन किताबों में बारकोड स्कैन करने में समस्या आ रही है, उनमें संबंधित स्कूल का सील लगाकर स्कैन करने निर्देश दिए गए हैं। जल्द सभी बच्चों का किताबें पहुंच जाएगी।

- प्रवास सिंह बघेल, डीईओ

## नशीली दवाई के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



उड़ीसा से नशीली दवाईयों को खपाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनसे 14 पैकेट नाईट्रो 10 टेबलेट कुल 14 सौ नग बरामद किया गया है।


पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली एवं सायबर सेल पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर 13 जुलाई को रेलवे स्टेशन आटो स्टैंड में नील गिडलानी 23 वर्ष सिंधी कालोनी गली नं. 7 को घेराबंदी कर पकड़ा। जिसके कब्जे से एक डिब्बे में भरा 20 पत्ता कुल 199 नाईट्रोटेन नशीली गोलिया कीमती 1560 रुपए जब्त किया। पुलिस के अनुसार आरोपी रविकांत सिंह राजपूत 37 वर्ष न्यू चंद्रा कालोनी पीटीएस के पास से उक्त टेबलेट को खरीदना स्वीकार करने पर धारा 21-बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर आरोपी नील गिडलानी एवं रविकांत सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है।

### आरोपियों से नशीली दवाई बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ पर कांटाभाजी उडीसा से थोक में खरीदकर राजनांदगांव लाकर बेचना बताने पर पुलिस टीम ने उडीसा जाकर नशीली दवाई के थोक विक्रेता एवं सप्लायर आरोपी विष्णु हाथी, पूर्णचंद्र मेहन एवं राहुल तांडी को घेराबंदी कर पकड़कर राजनांदगांव लाया। पुलिस के अनुसार पूछताछ पर 14 पैकेट नाईट्रो-10 टेबलेट नशीली गोलियां बिक्री हेतु रखना बताए। जिनके कब्जे से उक्त गोलियां कीमती लगभग 10920 रुपए एवं 3 नग टच स्क्रीन मोबाइल, नगदी रकम 4860 रुपए जब्त कर विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

## खबर संक्षेप

### सांई बाबा की प्राण-प्रतिष्ठा आज



राजनांदगांव। शहर के शंकरपुर में वार्डवासियों द्वारा कल 17 जुलाई को सांई बाबा की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर प्राण-प्रतिष्ठा व पूजन कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी।

वार्ड के अशोक कोर्राम ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन पश्चात खीर, पुड़ी, खिचड़ी की प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस दौरान विधि-विधान से प्रतिमा की स्थापना होगी। मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर विशेष साज-सज्जा की गई है।

### अशांति फैलाने पर युवक पर कार्रवाई

राजनांदगांव। अशांति फैलाने के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 जुलाई को चौकी चिखली में आम जनता की शिकायतों पर बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई के दौरान अभियान के तहत अनावेदक गुलशन ताम्रकर 20 साल ग्राम बोरी को चौकी चिखली के मारपीट के अपराध में गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### दिशा की बैठक 26 को

राजनांदगांव। सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

## कर्मचारी-अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन कर रहे शासकीय कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुई रैली निकाली गई। वहीं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर चुनावी घोषणा पत्र में किए गए मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग की गई।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा बुधवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित होकर प्रदर्शन किया गया और रैली निकालकर अपनी विभिन्न मांगों को पूरी करने नारेबाजी की गई। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान लागू करने, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने, कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण देने, पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना जाने सहित सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने की मांग की है।

**देर से ज्ञापन लेने की नाराजगी :** प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा ज्ञापन देने कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर पहुंचने के बाद भी लगभग आधे घंटे तक ज्ञापन लेने अधिकारी के नहीं आने पर अपर कलेक्टर के सामने आंदोलनकारी कर्मचारी-अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर की। इस मामले में संगठन के जिला संयोजक सतीश ब्यौहारे ने कहा कि 14 तारीख को प्रदर्शन और ज्ञापत देने की सूचना दी गई थी। इसके बावजूद अपर कलेक्टर ने आधे घंटे खड़े रखा, यह अच्छी बात नहीं है।

### 22 को हड़ताल

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा कहा गया कि 22 अगस्त को सभी विभागों में अवकाश लेकर एक दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। इसके बाद भी मांगे नहीं पूरी की गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

## एक बाइक में 4 सवार पुलिस ने की कार्रवाई

राजनांदगांव। एक बाइक चार लोग सवार होकर घूम रहे थे, जिन पर कार्रवाई की गई। वहीं अशांति फैलाने वाले के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत 15 जुलाई की संध्या चिखली चौकी क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वाले नशेड़ी व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए चौकी चिखली पेट्रोलिंग पार्टी, लालबाग पेट्रोलिंग पार्टी एवं लाइन से प्राप्त बल के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान असामाजिक तत्व मिले। जिसमें नाबालिकों को समझाईश देकर उनके घर वालों के सुपुर्द कर आवश्यक कार्रवाई किया गया। साथ ही एक बाइक में चार लोग घूमने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई एवं आरोपी वशिष्ठ उर्फ विक्की मानिकपुरी 22 वर्ष निवासी शांतिनगर को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया।

## नियमितीकरण सहित दस प्रमुख मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले अपनी 10 प्रमुख मांगों पर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षण कराने एनएचएम कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल की शुरूआत की। इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने थाली बजाते शहर में रैली निकाली।

10 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारी 2 दिन से हड़ताल पर चले गए हैं। संविदा कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रैली निकाली। जिला स्तरीय इस प्रदर्शन और रैली में बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल हुए। अपनी प्रमुख मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों में नियमितीकरण, ग्रेड-पे निर्धारण, मेडिकल अवकाश, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।



### प्रदेश सरकार से मांग

एनएचएम यूनियन की जिला अध्यक्ष अंजलि कठौलिया ने कहा कि इस प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश सरकार से संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, मेडिकल अवकाश की सुविधा देने और अनुकंपा नियुक्ति सहित सिविलियन, स्थानांतरण नीति, स्वास्थ्य नीति बनाने मांग रखी जा रही है।

### वादे पूरी करने मुख्यमंत्री को ज्ञापन

प्रदर्शन के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से मोदी की गारंटी में किए गए वादों को पूरा करने नारेबाजी की। वहीं कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने से धरना प्रदर्शन के बाद हाथ में तख्ती और थाली बजाते हुए रैली निकालकर अपनी मांगे पूरी नहीं होने को लेकर विरोध जताया और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

## इस महीने के अंत तक जारी हो सकती है जिला भाजपा की सूची

# मंडलों के बाद अब जिला कार्यकारिणी का इंतजार महिलाओं के साथ नए चेहरों को मिलेगा टीम में मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा ने अपने सभी 16 मंडल की कार्यकारिणी जारी कर दी है। मंडलों की कार्यकारिणी जारी होने के बाद अब जिला संगठन के विस्तार पर चर्चा शुरू हो गई है। जल्द ही जिला कार्यकारिणी की सूची भी जारी की जा सकती है। बताया गया कि मंडल की तरह ही जिला कार्यकारिणी में भी महिलाओं को 30 फीसदी भागीदारी देने के साथ ही नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि पिछले साल ही भाजपा प्रदेश संगठन ने जिला भाजपा अध्यक्ष के रूप में कोमल सिंह राजपूत एवं महामंत्री के तौर पर सौरभ कोठारी के नाम का ऐलान किए थे। इन दोनों को ही छोड़कर बाकी सभी पदों पर नए लोगों को शामिल किया जाना है। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोटे तौर पर जिला कार्यकारिणी तैयार भी कर ली गई है। अब शीर्ष नेताओं से रायशुमारी कर नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि हर नेता के पाले से कुछ नामों को इस कार्यकारिणी में स्थान मिलेगा। बताया गया कि कार्यकारिणी में जिन लोगों को शामिल किया जाना है, उसको लेकर एक सूची तैयार भी कर ली गई है। अब इसमें अंतिम संशोधन कर इसे जारी कर दिया जाएगा।




### सभी गुट से लिए जाएंगे लोग

भाजपा की जिला कार्यकारिणी में सभी गुट के लोगों को स्थान देने के लिए मंथन किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शीर्ष नेता अपने चहितों को स्थान दिलाना चाहते है, ऐसे में बेहतर तालमेल के साथ टीम बनाने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यकारिणी बनाने का काम इस महिने पूरा कर घोषित भी कर दिया जाएगा।

### संगठन में होंगे दो महामंत्री, चार उपाध्यक्ष

मिली जानकारी के अनुसार मंडल की तरह ही जिला भाजपा की कार्यकारिणी में भी दो महामंत्री बनाए जाने है, इनमें एक सौरभ कोठारी बनाए जा चूकें है। ऐसे में दूसरे महामंत्री का चयन किया जाएगा। इसके अलावा कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष, तीन मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी, मीडिया प्रभारी सहित करीबन 22 से 26 लोगों की टीम तैयार की जाएगी। खास बात यह है कि इनमें लगभग 30 फीसदी यानि 6 से 8 महिलाओं को स्थान दिया जाएगा।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### स्कूल के सामने शराब बेचने की शिकायत

**मुरमुंदा।** ग्राम के विद्या के मंदिर के सामने गांजा दारू की बिक्री बेराकटोक चल रही है। ग्राम में गांजा दारू के आसानी से मिलने के कारण बच्चे भी नशा करने लगे हैं। वहीं शाम होते ही ग्राम में शराबियो का जमवाड़ा देखने मिलता है। शराबियों के कारण गांव का माहौल दिनों दिन खराब होते जा रहे है। गांव की मिठाई सहित अन्य दुकानों में शराब बेचने की जानकारी पुलिस और आबकारी विभाग को है परन्तु कार्रवाई नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार मुड़पार, जामरी, राका, पिपरिया, माटेकटा के ग्रामीण भी यहां शराब लेने आते है। स्कूल के सामने ही गांजा बेचा जा रहा है। इसी प्रकार राका, डुडेरा, रेंगाकठेरा, मुंदगांव, मुड़पार, मेढा में भी शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है।

### स्नेहा डे बनी चार्टेड एकाउंटेंट

**डोंगरगढ़।** आदर्श नगर निवासी



स्नेहा डे आ अशोक कुमार डे ने एससीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर एससीए बन गई है। स्नेहा ने स्कूली शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ से प्राप्त की। वाणिज्य संकाय से स्नातक की उपाधि खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। रायपुर से सीए के अधिन रहकर तीन वर्ष तक प्रशिक्षण प्राप्त किया और फिर मुम्बई के कॉमर्स एजुकेशन से कोचिंग कर एससीए की परीक्षा उत्तीर्ण किया।

### दो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**डोंगरगढ़।** अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत 15 जुलाई को शांति भंग करने वाले 2 व्यक्ति के विरूद्ध संज्ञेय अपराध घटित होने के अंदेशा पर धारा 170, 125, 135 (3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। प्रतिबंधित किए गए अनावेदक नवीन शेण्डे आ ज्ञानदास निवासी संजय नगर, खेमचंद पाटिला पिता बुआराम पाटिला निवासी ग्राम मुसराखुर्द शामिल है।

### सरपंच मिले जिपं उपाध्यक्ष से



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत भुरभुसी और खौड़ा के सरपंचों ने मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात की। इस दौरान सरपंचों ने पंचायतों के विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों को उपाध्यक्ष के सामने रखा। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने ग्राम पंचायत भुरभुसी में आहता निर्माण के लिए 2 लाख स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने ग्राम पंचायत खौड़ा में जल्द ही विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान भुरभुसी सरपंच डोगरु साहू, पूर्व सरपंच उषा सुरेश साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष भानु साहू, पंच कन्हैया साहू और खौड़ा सरपंच जनाराम पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### लक्ष्मणदास वैष्णव

**डोंगरगांव।** आसरा के वरिष्ठ



नागरिक और सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लक्ष्मण दास वैष्णव का निधन हो गया। लक्ष्मण दाऊ का पूरा जीवन शिक्षा और समाजसेवा के लिए समर्पित रहा। प्रधान पाठक के रूप में उन्होंने सैकड़ों बच्चों को ज्ञान की रोशनी दी। लक्ष्मण दाऊ का अंतिम संस्कार 16 जुलाई को श्मशान घाट में किया गया।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने निकाली शहर में रैली

# ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों ने याद दिलाया सरकार को मोदी की गारंटी

## अगले चरण में काम ठप करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा के अनुसार मोदी की गारंटी पर अमल करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी कर कई वादे किए थे, किन्तु सरकार बनने के बाद भी वादों पर अमल नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन में केन्द्र के समान 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथे से देने, कर्मचारियों को जुलाई 2019 से समय समय पर देय मंहगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में करने, वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष एवं 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने लागू करने, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान देने, कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने, 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति, शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश का नगदीकरण, पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा की गणना करने, पूर्ण पेंशन की पात्रता हेतु नीति निर्धारित करने, विभिन्न विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने, कार्यरत कार्यभारित, संविदा एवं दैनिक वेतन कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की गई है।



### सामूहिक अवकाश 22 को

कर्मचारियों ने आंदोलन के पहले चरण में 16 जुलाई को रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मांगों पर निर्णय नहीं लेने पर आगामी 22 अगस्त को सभी कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर प्रर्दशन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान फेडरेशन के ब्लाक संयोजक विनोद टांडेकर, लिपिक संघ के अध्यक्ष सेवाराम पटेल, शिक्षक संघ के अध्यक्ष जीवनलाल साहू, पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष रामदुलार साहू, करण जोशी, अरविंद साखरे, गंगाराम निषाद, दौवाराम साहू, रूपसिंह साहू, गंगाप्रसाद साहू, आरके साहू, मोनिका खत्री, महेन्द्र बघेल आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### विद्युत दफ्तर का घेराव करेगी कांग्रेस

**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 जुलाई को होने वाले बिल न्याय आंदोलन पर चर्चा की गई। कल 17 जुलाई को 11 बजे सभी कांग्रेस जन स्टेडियम के समीप उपस्थित होकर पैदल जाकर विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे। इस दौरान विद्युत बिल के टैरिफ में वृद्धि, जबरदस्ती लगाए गए स्मार्ट मीटर, अघोषित विद्युत कटौती, किसानों के साथ छल का विरोध किया जाएगा।



### खाद किल्लत के विरोध में चक्काजाम आज

**छुरिया।** सोसायटियों में खाद की किल्लत के विरोध में युवक कांग्रेस ने कल 17 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्काजाम आंदोलन करने की घोषणा किया है। युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि बोनी का सीजन शुरू होने के बाद भी सोसायटियों ने खाद की समुचित व्यवस्था सरकार ने नहीं किया है। अंचल के किसान खेती किसानी का काम छोड़ कर खाद के लिए भटक रहे हैं। सोसायटियों में खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को व्यापारियों से मंहगे में खाद खरीदना पड़ रहा है। श्री गुप्ता ने अंचल के जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, किसानों से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

# बाहरी लोगों के रिमोट से चल रही नगर पंचायत

- विधायक ने लगाए गंभीर आरोप, जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



विधायक दलेश्वर साहू ने नगर पंचायत पर बाहरी लोगों के रिमोट से चलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि नौकरशाही के हावी होने से प्रशासन जन हित में काम करने के बजाए केवल तोड़ फोड़ कर व्यापारियों सहित अन्य को नुकसान पहुंचा रहा है। अनियमितता चरम पर है। शहर में विकास के कोई काम नहीं रहे है, सभी तरफ अव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि नपं प्रशासन पर विधि विपरीत कार्य करने से भी बाज नहीं आ रहा है जिसका उदाहरण यह है कि नगर पंचायत उपाध्यक्ष का निर्वाचन 10 मार्च को हुआ था। नगर पालिका अधिनियम की धारा 70 के अनुसार प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन एक सप्ताह की अवधि में हो जाना चाहिए था किन्तु गठन 20 मार्च को किया गया। नगर पंचायत ने वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में कोर्राम आरा मिल से कालेज हास्टल नहर तक सीसी नाली का निर्माण 67.21 लाख की लागत से कराया था। लोक निर्माण विभाग ने बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति लिए नाली को तोड़ दिया है। निकाय की संपत्ति को क्षति पहुंचने के बाद भी निकाय प्रशासन का मौन है। इसी प्रकार बिना अनुमति लिए साकेतधाम के मंच को तोड़ दिया गया है।

### नियम विरुद्ध राशि जमा

उन्होंने बताया कि नया बस स्टैंड के बेसमेंट में दुकानदारों के व्यवस्थापन में गड़बड़ी करते हुए जो सब्जी के कारोबारी नहीं है उनकी भी राशि जमा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बुक नंबर 0007 रसीद क्र.0028, 0029 दिनांक 20 अगस्त 2024 को नीलकंठ सोनकर, बुक नंबर 0008 रसीद क्र.0085 व 0086 में प्रदीप कुमार देवांगन और रसीद क्रमांक 0087 और 0088 दिनांक 12 जुलाई 2024 को अनिल साहनी से अमानत राशि 80- 80 हजार जमा कराया गया है।

### जमकर कमीशनखोरी

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में जमकर कमीशन खोरी चल रही है। कमीशन नहीं मिलने पर निर्माण और अन्य प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन दुर्ग संभाग ने 22 जुलाई 24 को 39 निर्माण कार्य का अंतिम भुगतान करने की अनुशंसा किया था। अधिकारी की अनुशंसा के एक साल बाद भी सात से आठ कार्यों का भुगतान नहीं किया गया है जबकि भुगतान को लेकर ठेकेदारों द्वारा लगातार पत्र व्यवहार किया गया। नगर प्रशासन द्वारा बिना पीआईसी एवं परिषद में लाए छोटे छोटे कार्यों को निविदा में न लगाकर भाव पत्र के माध्यम से कराने के अलावा खरीदी किया जा है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को विधानसभा में उठाकर जाँच और कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# बैठक में शांति बनाए रखने पर चर्चा

## समाज प्रमुखों ने रखे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह ने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहुत किया। बैठक में सर्व समाज के प्रमुख, एसडीएम अभिषेक तिवारी, एसडीओपी आशीष कुंजाम, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सम्मिलित हुए। बैठक में शहर में धार्मिक, साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, हुड़दंग करने, किसी धर्म के प्रति अभद्र टिप्पणी नहीं करने कहा गया। बैठक में प्रशासन, जन प्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों से धार्मिक स्थलों पर




सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की गई। वार्ड स्तर पर समिति बनाकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। शहर में प्रशासन एवं नगरपालिका को बिना सूचना दिए मूर्ति स्थापित करने के संबंध में एसडीएम ने रूपरेखा तय करने का आश्वासन दिया।

# आपसी समन्वय से काम करें कार्यकर्ता

## मंडल भाजपा की बैठक में शामिल हुए जिला भाजपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

मंडल भाजपा की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद पदाधिकारियों की परिचय बैठक साहू धर्मशाला में आयोजित किया गया।

बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, गीता साहू, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर अध्यक्ष अजय पटेल, घासी साहू, सुरेंद्रसिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, राजेश्वर धुर्वे, मंडल अध्यक्ष कामता साहू शामिल हुए। जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन और सत्ता गाड़ी



के दो पहिया है और दोनों को समन्वय क साथ मंजिल तक पहुंचना है। संगठन और सत्ता के जनप्रतिनिधियों के साथ चलने से क्षेत्र का विकास होगा। नई टीम पार्टी के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाए। उन्होंने सभी से तेरा- मेरा की भावना को भूलकर समन्वय के साथ भाजपा के लिए काम करे और बूथ को सबसे मजबूत बनाएं। पदाधिकारियों को श्री वैष्णव, श्रीमती वैष्णव , श्रीमती साहू ने भी संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष कामता साहू ने सभी पदाधिकारी को कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र एवं मतदान केंद्र की सूची सौंपा।

बैठक में शेखर भारद्वाज, अशोक मरकाम, नैनसिंह पटेल, हितेश गुप्ता, खिलेंद्र साहू, भानबाई मंडावी, शकुन बडोले, प्रभा पवार, भारती रजक, शिवा मिश्रा, सोहन साहू, शीशुपाल साहू, कुश कुंभकार, मुनेश साहू, खिलेश साहू, आनंद शुक्ला, धन्ना यादव, टीकम साहू, पलनी स्वामी नायडू, देवदास साहू, रेखा गंधर्व, आमिर खान, अशोक सेन, संगीता यादव, सलूजा कोमरे, सपलिन पटेल, टामेश कुंभकार, गौरी सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिवपुराण कथा का वाचन आज से



**डोंगरगांव।** प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा के पुत्र राघव मिश्रा कल 17 से आगामी 23 जुलाई तक दोपहर एक से चार बजे तक श्री शिव महा पुराण कथा का वाचन करेंगे। कार्यक्रम के पहले बुधवार को साकेतधाम परिसर से विशाल कलश यात्रा निकला गया। कलश यात्रा मेन रोड से पुराना बस स्टैंड, सदर लाइन, फव्वारा चौक से चौकी मार्ग होते हुए नर्सरी स्थित कथा स्थल पहुंची। शोभायात्रा में कार्यक्रम संयोजक प्रवीण रामटेके, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

# जीत के लिए जुटे सभी प्रत्याशी

- पेनल और निर्दलीय उम्मीदवार जुटे प्रचार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव में दोनो पेनल के तीनो श्रेणीयों में 15-15 प्रत्याशियों के अलावा 4 निर्दलिय प्रत्याशी भी भाग्य आजमाने मैदान में उतरे है।

सभी मंदिर के विकास और सेवा भाव को सामने रख कर जनसंपर्क कर रहे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी अपने दम पर वोट मांग रहे हैं वहीं सेवादल और भैय्या जी पेनल के प्रत्याशी मंदिर विकास और घोषणा पत्र के आधार पर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के प्रयास में जुटे है। इस बार भी चुनाव में मुकाबला दोनो पेनल के बीच है। 7 सदस्यों वाली संरक्षण श्रेणी में जीत हार का फैसला ही पेनल को मजबूत बनाता है। सेवादल आजीवन और सधारण श्रेणी में मजबुत नजर आ रहा है तो भैया जी पेनल संरक्षण श्रेणी में मजबूत दिखाई दे रहा है। इस बार सेवादल संरक्षण श्रेणी के नए सदस्यों के मैदान में आने के कारण कमजोर होता दिख रहा है। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव में मनोज अग्रवाल पेनल अपने को दमदार साबित करने में लगा है तो नारायण अग्रवाल भी जी जाने से जुटे हैं।

# सड़क डामरीकरण में अनियमितता

**डोंगरगढ़।** बरसात के पहले आनन फानन में रेल्वे एरिया में सड़क का डामरीकरण शुरू किया गया जो अब अपूर्ण है। रेल्वे चौक से रेल्वे इंस्टीटयुट तक डामरीकरण किया गया है किन्तु आजु बाजु की पटरी फिलिंग के नाम से गिटटी को बिछा कर छोड़ दिया गया है। कालोनी में भी सडकों की पटरी फिलिंग का काम अधूरा है। इस आशय की खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने मुरूम तो जमा करवा दिया है जो पानी में होने के करण बह रही है जिससे सडक खराब हो रही है। मुरूम को सडक बनते ही बिछा कर व्यवस्थित करना था। रेल्वे कालोनी व आसपास के निवासियों ने सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है।



### ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल बदलने पर चर्चा

# राष्ट्रीय पर्व भव्य बनाने लिया गया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

राष्ट्रीय पर्व को भव्यता प्रदान करने के लिए नए स्थल के चयन और रूपरेखा निर्धारित करने नगर पंचायत गंडई के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बैठक की सूचना भेजकर सभी से शामिल होने का आग्रह किया था। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि तिरंगा चौक में हर साल ध्वजारोहण किया जाता है। यह स्थान छोटा होने से ट्रैफिक जाम हो जाता है। यहां अन्य गतिविधियां नहीं हो पाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय पर्व के लिए



नई जगह का चयन किया जाना चाहिए, जहां ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियां हो सके। बैठक में नारायण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अश्वनी ताम्रकार, जीवनदास रात्रे, दिलीप ओगरे, राकेश ताम्रकार, ज्ञानचंद जैन, सतीश सिंघानिया, प्रिंसपल पवन ददरिया, रेंजर संजीत मरकाम, टीआई राजेश देवदास, क्रांति ताम्रकार सहित अन्य ने इस सुझाव पर अपनी राय देते हुए कहा कि जहां हर साल ध्वजारोहण होता रहा है, वहीं ध्वजारोहण होना चाहिए। उन्होंने अन्य शहरों की तर्ज पर अन्य स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन करने का समर्थन किया। यह भी सुझाव दिया गया कि बच्चों के कार्यक्रम स्कूलों में ही आयोजित किए जाएं, ताकि सभी बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके। लोगों ने यह भी दोहराया कि नव चयनित स्थल पर ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री संदेश का वाचन और अन्य गतिविधियां होना चाहिए, ताकि कार्यक्रम को भव्यता

### मांगा लिखित में सुझाव

बैठक में संध्या पात्रिकर, हरिप्रसाद वर्मा, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, सोनल क्रांति ताम्रकार, हेमलता ठाकुर, श्यामा ठाकुर, उषा रात्रे, शैलेंद्र जायसवाल, जेठूराम साहू, बालक दास डहरिया, लियाकत अली खान सहित व्यापारी और नागरिक शामिल हुए। अंत मे आभार प्रदर्शन करते हुए सीएमओ अविनाश देवांगन ने कहा कि अभी फैसला नही हुआ है। लोग अपनी राय नगर अध्यक्ष से मिलकर लिखकर या अन्य माध्यमों से दे सकते हैं ताकि सभी की राय से बेहतर फैसला लिया जा सके।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति
स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप

### वंदना तिवारी संभाग अध्यक्ष नियुक्त



**छुरिया।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच दुर्ग संभाग के अध्यक्ष पद पर राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी की अनुशंसा से राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने वंदना तिवारी की नियुक्ति की गई है। उनकी सक्रियता को देखते हुए उनकी नियुक्ति की गई है। श्रीमती तिवारी की नियुक्ति से विप्र समाज में हर्ष व्याप्त है। उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अंजू त्रिपाठी, कनकलता दुबे, विजेता शर्मा, प्रभा शुक्ला, शकुन तिवारी, अर्चना शुक्ला, संगीता मिश्रा, उर्मिला शुक्ला, रमा तिवारी, किरण तिवारी, मंजू मिश्रा, प्रीति तिवारी, मिथिलेश शर्मा, मनीषा बाजपेई, ममता द्विवेदी, संगीता तिवारी, विनिता शर्मा, गीता तिवारी, टीनू दीवान, छाया मिश्रा, गौरी शर्मा, जयंती तिवारी, अंजू तिवारी, अस्मिता गौतम, रोशनी तिवारी, वर्षा पाठक, साधना तिवारी, प्रियंका शुक्ला, दीपिका शुक्ला आदि ने बधाई दी है।

### रसोईया संघ की बैठक 20 को

**खैरागढ़।** छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ की बैठक रविवार 20 जुलाई को होगी। संघ के जिलाध्यक्ष टीकम कोठले, जिला सचिव निर्मल दास साहू ने बताया कि रसोइयों की विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर प्रांतीय निर्देश पर 28 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रस्तावित है जिसके संबंध मे खैरागढ़ व छुईखदान ब्लाक के सभी सरकारी स्कूलों मे कार्यरत संघ सदस्यों से चर्चा करने बैठक रखी गई है। उन्होंने सभी सदस्यों से हड़ताल की रूपरेखा और रणनीति को लेकर चर्चा मे शामिल होने अंबेडकर चौक मे उपस्थित होने की अपील की है।

### शिशु वाटिका का गठन, जिवेश बने सेनापति



**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में विगत दिनों प्राचार्य रोहित निर्मलकर के मार्गदर्शन में शिशु वाटिका का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी में सेनापति जिवेश वर्मा, उप सेनापति गैत्रिमा वर्मा, उप प्रार्थना प्रमुख ऋषभ साहू, क्रीड़ा प्रमुख नीलकमल, उप क्रीड़ा प्रमुख दीक्षा वर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख गुंजा साहू,उप प्रमुख उभय साहू, स्वक्षता प्रमुख रोशन, उप प्रमुख अदिति वर्मा, खोया पाया प्रमुख हेमंत साहू, उप प्रमुख कीर्ति साहू, स्वास्थ्य प्रमुख अंबिका वर्मा, उप प्रमुख तारून्य साहू, बागवानी प्रमुख रोहन निषाद, उप प्रमुख युवरानी वर्मा, अनुशासन प्रमुख डिलेशवरी साहू, उप प्रमुख अंश दुबे, विज्ञान प्रमुख चांदनी साहू, उप प्रमुख जितेन्द्र वर्मा, योगा प्रमुख रेणुका वर्मा, उप प्रमुख लोकेश गुप्ता, व्यवस्था प्रमुख कोमेश वर्मा, उप प्रमुख गीतिका साहू, सायकल स्टैंड प्रभारी नमन देवांगन, ओम साहू,को बनाया गया। शिशु भारती के पदाधिकारियों को प्राचार्य रोहित निर्मलकर ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर संजीत वर्मा, दीप्ति साहू, प्रीति वर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, इंदिरा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, नेमा वर्मा, अनिता पाल, देवेन्द्र कुमार मैथिल क्षत्री, सोनम साहू, त्रिवेणी साहू आदि उपस्थित थे।

### आज पेंडरी आश्रम में दिव्य सत्संग-प्रवचन

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान स्थित सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे से चातुर्मास पर्व अंतर्गत अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन होगा। इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब द्वारा अपने मुखारविंद से सारगर्भित दिव्य सत्संग श्रवण पान सभी भक्तों को कराया जाएगा। इस वर्ष भी चातुर्मास आयोजन समिति संरक्षक गुलाब वर्मा, अध्यक्ष नरबद वर्मा और सद्गुरु कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू, आश्रम के गादीपति मंहत श्री सेवा दास साहेब के संकल्पित विशेष सहयोग से यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी नेहा निरंजन साहू ने दी है।

---

#### कार्यों और कार्यालयों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

# अधूरे कार्यों को देखकर नगर पंचायत पर भड़की कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने नगर के विकास के अप्रारंभ, अपूर्ण एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया वही प्रस्तावित विकास कार्यो को लेकर भी मार्गदर्शन दिया।

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने बुधवार को ब्लाक मुख्यालय के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले नया हास्पिटल जाने के लिए 50 लाख की लागत में राजीव गांधी चौक से सीएचसी तक बनाई जा रही सीसी सडक का निरीक्षण किया। उन्होने कार्य की धीमी गति को लेकर नगर पंचायत को फटकार लगाई। यह सडक एकलव्य स्कूल के आहाता के पास आकर रूकी हुई है। कलेक्टर ने निर्माण कार्य को आगे बढाने अधिकारियों को निर्देश दिया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य, तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, सीईओ प्रियवदा रामटेके, बीईओ एसके धीवर आदि उपस्थित थे।



#### बहाव वाले स्थल में एसटीपी निर्माण का निर्देश

जानकारी के अनुसार नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने नालियो के पानी को उपचारित कर इसे डिस्पोजल करने का निर्देश दिया है। इसके लिए सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाना है। नगर पंचायत में यह कार्य महिनो से स्थल चयन के अभाव में लंबित है। नगर अध्यक्ष ने कलेक्टर को बताया कि एसटीपी का निर्माण उसी स्थान पर उचित होगा जहां निस्तार और प्राकृतिक रूप से पानी बहकर आता हो। उन्होंने बताया कि नालियो एवं निस्तार का पानी तालाब व नदी में जा रहा है इसलिए नदी के आसपास ही इसका निर्माण कराया जाना चाहिए। कलेक्टर ने प्राकृतिक बहाव वाले स्थल पर एसटीपी निर्माण करने का निर्देश दिया।

#### स्टेडियम का लिया जायजा

कलेक्टर ने 50 लाख की लागत से प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण का जायजा लिया। यइस कार्य को नगर पंचायत अध्यक्ष ने रोक रखा है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कलेक्टर को बताया कि बिना सीमांकन के स्टेडियम का अहाता बनाया जा रहा है। सीमांकन किए बगैर स्टेडियम बनाया जाता है तो धनराशि का दुरूपयोग होगा। सीमांकन के बाद मैदान के आस पास स्थित राइट आफ बिल्डिंग को हटाकर निर्माण कराया जाता है तो स्टेडियम निर्माण की उपयोगिता सार्थक होगी। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने खेलो इंडिया योजना अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय में ढाई करोड की लागत से सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण की मांग रखी।

#### मेरेगांव में नालंदा परिसर का प्रस्ताव

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने महत्वाकांक्षी योजना नालंदा परिसर के लिए नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर को बताया की नालंदा परिसर के लिए वार्ड एक मेरेगांव में रिक्त भूमि का चयन किया है। यह स्थान नालंदा परिसर के लिए उपयुक्त है क्योकि यह जमीन सडक किनारे है। यहां कन्या शिक्षा परिसर एवं बालक उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियो की आवाजाही है। छात्र छात्राओ के अध्यापन के लिए यहां नालंदा परिसर बनाया जाना हितकारी होगा। कलेक्टर ने भी प्रस्तावित स्थल को उचित बताया।

#### इंटकवेल का कार्य पांच साल से अटका

नगर अध्यक्ष ने बताया कि जल आवर्धन योजना के तहत इंटकवेल का काम 5 वर्शो से भूअर्जन नहीं होने के कारण रूका है। कलेक्टर ने निकाय द्वारा इंटेकवेल निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का भी जायजा लिया। अध्यक्ष ने बताया कि जल आवर्द्धन योजना के लिए पहले 8 करोड की मंजूरी मिली थी। यह बढकर 11 करोड से अधिक हो गई है। अध्यक्ष ने बताया की डब्लूटीपी का काम प्रगति पर है किन्तु इंटकवेल नहीं बनाए जाने से 5 करोड से अधिक राशि बर्बाद हो जाएगी इसलिए इंटेकवेल का निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल में आ रही निजी जमीन का भूअर्जन किया जाना अनिवार्य है। मुआवजा की मांग के कारण भूअर्जन का कार्य रूका है।

---

# जिला मेडिकल बोर्ड का संचालन प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला निर्माण के लगभग ढाई साल बाद अब आम लोगों को जिला मेडिकल बोर्ड का लाभ मिलने लगेगा। पहले चिकित्सकीय जांच बाद प्रमाणपत्र हासिल करने राजनांदगांव की दौड़ लगानी पड़ती थी लेकिन अब कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर सिविल अस्पताल परिसर मे मेडिकल बोर्ड का संचालन शुरू बुधवार 16 जुलाई से शुरू हो गया है।

पहले दिन ही विविध प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित 33 लोगों को परीक्षण बाद प्रमाणपत्र बनाया गया वही फिट अनफिट के 11 और प्रयास आवासीय विद्यालय, सरकारी नौकरी के लिए अति आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र भी बोर्ड सदस्यों द्वारा सभी प्रकार के निर्धारित बिंदुओं मे स्वास्थ्य परीक्षण बाद सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने जारी किया गया।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन व संयुक्त कलेक्टर सुमनराज, सीएमएचओ डॉ आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में यह व्यवस्था प्रारंभ की गई है। जो प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को सिविल अस्पताल में 11 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा। मेडिकल बोर्ड के माध्यम से दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत 21 प्रकार की दिव्यांगता के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगा साथ ही सभी प्रकार के मेडिकल, फिटनेस प्रमाण पत्र, फिट व अनफिट प्रमाण पत्र भी यहीं से जारी किए जाएंगा।

#### जांच उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अपील

सीएमएचओ डॉ आशीष शर्मा ने दिव्यांगता या अन्य मेडिकल प्रमाण पत्र की आवश्यकता वाले व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर सिविल अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण व जांच उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अपील की है। डॉ कुणाल चंद्र झा जिला अस्पताल कबीरधाम, डॉ बीएल तुलावी ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ उषा विंध्य राज नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल राजनांदगांव और डॉ बोधन परते अस्थि रोग विशेषज्ञ सिविल अस्पताल बतौर बोर्ड मेंबर मौजूद थे। वही समाज कल्याण विभाग से कंचन मेश्राम, माया चंद्रा राजनांदगांव, राम अवतार साहू खैरागढ़ बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ पंकज वैष्णव, संजय श्रीवास्तव, दुर्गेश नंदनी श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जांच परीक्षण सहित अन्य सहयोग किया गया।

---

# जिला वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला वन कर्मचारी संघ के शांतिपूर्ण चुनाव मे अभिषेक देवांगन को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। निर्वाचन अधिकारी महासमुंद जिलाध्यक्ष कमल यादव और जिला सचिव रायपुर मनमोहन बारले सहित अन्य प्रांतीय सदस्य के देखरेख मे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई वन कर्मचारी संघ सदस्यों द्वारा बैठक आयोजित कर चुनाव कराया गया जिसमे सर्वसम्मति से अभिषेक देवांगन को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वही लाल हर्ष बहादुर सिंह को संरक्षक, आनंद यादव और अमित चावले को उपाध्यक्ष, डेमन सिंह पद्माकर और शेख सफी को महामंत्री, योगेश कोर्राम को सचिव, चंदन मिरचे को संगठन सचिव, गीताराम चंद्रवंशी को कोषाध्यक्ष, योगेन्द्र जंघेल को महासचिव, भारती भूआर्य और लोकेश खरे को सह सचिव, शुभम शुक्ला को मीडिया प्रभारी और रूपेन्द्र साहू को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई वही शिव कंवर, शैलेन्द्र साहू,ज्योति रामटेके, देवेन्द्र राजपूत, देव सिन्हा को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे नामित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक देवांगन ने अपनी जीत को सभी कर्मचारियों के अटूट समर्थन और विश्वास का परिणाम बताते हुए विभागीय कर्मचारियों के हितो की रक्षा, कार्य स्थल पर बेहतर सुविधा और अधिकार को लेकर काम करने का भरोसा दिया और वन संरक्षण, पर्यावरण संतुलन के लिए सभी के सहयोग से निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। निर्वाचन उपरांत सभी पदाध्किारियो ने वनमंडलाधिकारी से भेंट मुलाकात कर संघ पदाधिकारियो की जानकारी संबंधी पत्र दिया।

---

# कुलपति के बयान को लेकर भड़के आंदोलनकारी

- जिम्मेदार से नहीं थी अमर्यादित होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

बारह सूत्रीय मांगो को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध, सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन पर काबिज संगीत विवि के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने अपने आंदोलन को लेकर कुलपति की टिप्पणी को अमर्यादित बताते हुए कड़ी निंदा की है। संयुक्त गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा द्वारा दिए गए अमर्यादित, अपमानजनक और असंवेदनशील बयान की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि गैर शिक्षक कर्मचारियों को अभिशाप जैसे आपत्तिजनक शब्द से संबोधित कर उन्होंने कर्मचारियों का ही नहीं, अपितु पूरे प्रदेश के निवासी अजा, अजजा, और पिव का भी घोर अपमान किया है। विवि की नींव बीते 40 सालो मे जिन कर्मचारियों के परिश्रम से सशक्त और सुव्यवस्थित बनी, उन्हीं कर्मचारियों को गुणहीन, अप्रशिक्षित और अनावश्यक बताना अपमानजनक ही नही है बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, मेहनतकश परंपरा और गरिमा के विरुद्ध भी है। विवि मे दर्जनों कर्मचारी इस वर्ग से आते है इसलिए कुलपति की उक्त टिप्पणी संविधान की मूल भावना और सामाजिक न्याय के विरुद्ध है। यह बयान न केवल मानहानिकारक है बल्कि जातिगत पूर्वाग्रह और मानसिकता को भी उजागर करता है।

#### 40 साल विवि की बेहतरी में विकास दिया है सदस्यों ने

संघ सदस्यों ने कहा कि प्रदेश की परंपरा, मर्यादा और सम्मान की समझ या स्वीकार्यता कुलपति के वक्तव्यों में नजर नहीं आती। संगीत विवि ने सदैव बाहर से आए हुए छात्र-छात्राओं, कलाकारों और आम लोगों का सम्मान और सहयोग किया है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि कोई बाहर से आकर यहां के मूल निवासियों को हीन भावना से देखे। कुलपति का यह कहना भी यदि कर्मचारी स्किल्ड नहीं हैं, उनका कोई महत्व नहीं है, अगर आवश्यकता होगी तो बुलाया जाएगा, नहीं होगी तो नहीं बुलाया जाएगा। यह रवैया दर्शाता है कि वे इस विवि के कर्मचारियों को केवल कामचलाऊ या उपयोग की वस्तु मान रही है ना कि संस्था के उत्तरोतर विकास की मूल आधारशिला। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व कार्यालय संरचना को इन्ही कर्मचारियों ने अपने खून-पसीने से खड़ा किया है। आज यदि यह संस्थान ख्यातिप्राप्त है तो उसमें इन कर्मठ कर्मचारियों का समर्पण, सेवा और अनुशासन ही मूल कारण है। उनके योगदान को इस प्रकार खारिज करना निंदनीय है। कुलपति का यह बयान केवल कर्मचारियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाला नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता और प्रदेश की गरिमा पर सीधा आघात है जो किसी भी स्थिति मे स्वीकार्य नहीं है।

#### सार्वजनिक माफी मांगे कुलपति

संघ ने कुलपति डॉ. लवली शर्मा को अपने बयान मे कहे गए अमर्यादित शब्द को अविलंब वापस लेने और क्षमा मांगने, गैर शिक्षक कर्मचारियों को गुणहीन और अप्रशिक्षित कहने पर खेद जताने, मांगों को दबाव या स्वार्थ न मानकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया अंतर्गत तत्काल वार्ता प्रारंभ करने, पूरे प्रकरण की जांच शासन स्तर पर करवाने और भविष्य मे इसकी पुनरावृत्ति नही करने की मांग करते हुए कहा कि संगीत विवि सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्था है, जिसे मानवता, सहयोग और समर्पण से चलाया जाता है इसलिए तानाशाही और जातिवादी सोच से परे हटकर काम करना होगा। उन्होंने मांगे पूरी नही होने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान संघ अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह, मधु श्रीवास्तव, मुकेश भट्ट, जेएन साटिया, सौरभ सिंह चौहान, प्रतीक टहनगुरिया, सीआर कुंजाम, नवीन महोबे, ईश्वर पाल, शीलेंद्रजीत सिंह, ओमप्रकाश बागडकर, भुनेश्वरी ठाकुर सहित बड़ी संख्या मे संघ सदस्य मौजूद थे।

---

# भाजपा ग्रामीण मंडल ने किया विधानसभा भ्रमण



**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। यहां मनोनीत भाजपा ग्रामीण मंडल व पूर्व सोमनी के सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित सभी मंत्रीगण एवं विधायकों का आशीर्वाद लिया। साथ ही विधानसभा की कार्रवाई में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित सभी पदाधिकारी ने मनोनीत नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही संगठन के इस पद को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा संगठन एवं प्रशासन की योजनाओं को अंत्योदय तक पहुंचाने का जिम्मा भी प्रदान किया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी ने सभी मंत्रीगणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल के पूर्व अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, महामंत्री रमन सिंह राजपूत एवं संदीप साहू, उपाध्यक्ष आनंद साहू, मधुसुकृत साहू, हरिशंकर देशमुख, गोविंद देवांगन, कोषाध्यक्ष सुशील साहू, सह कोषाध्यक्ष रामकिसुन साहू, मीडिया प्रभारी, संतोष साहू, अविनाश साहू, छबिलाल यदु, बुद्धेश्वर साहू सहित मंडल के अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### जन्माष्टमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकली जाएगी। रविवार को समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर उक्त निर्णय लिया। समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने बताया कि इस वर्ष भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जमातपारा स्थित श्रीकृष्ण-राधा मंदिर सांहड़ा देव से भजन मंडली, बाजे-गाजे के साथ निकलेगी।

---

#### रैली निकाल मांगों को जल्द पूरा करने सौंपा ज्ञापन

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

सालो से लंबित दस सूत्रीय मांगो के निराकरण को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रदेश मे कार्यरत एनएचएम कर्मचारी संघ ने अंबेडकर चौक मे धरना प्रदर्शन बाद रैली निकाली और ज्ञापन सौंपकर मांगों को जल्द पूरा करने कहा।

प्रांतीय आह्वान पर धरने मे काबिज संघ पदाधिकारियों ने बताया कि संघ बीते बीस सालो से प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत है।

कई राज्यों में एनएचएम कर्मियों को ग्रेड पे, समान काम समान वेतन, जॉब सुरक्षा, अनुकंपा, मेडिकल बीमा, चिकित्सा अवकाश जैसी आवश्यक सुविधाएं मिलने लगी है लेकिन प्रदेश में ऐसा सकारात्मक बदलाव आज पर्यन्त नहीं किया गया जिससे कर्मचारियों की सामाजिक आर्थिक दशा बेहतर हो सके। वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत उक्त समस्याओं के समाधान का वादा भी किया है लेकिन दो साल होने को सरकार इस दिशा मे गंभीर नहीं है। सीएम विष्णुदेव साय के नाम सौंपा ज्ञापन मे संघ ने एनएचएम के अनुभवी संविदा कर्मियों के सेवाकाल व कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अन्य राज्यों की तर्ज पर संविलियन और स्थायीकरण करने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश मे जैसे शिक्षा विभाग में कार्यरत हजारों शिक्षाकर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया है उसी तरह उन्हें भी इसका लाभ दिया जाए।




#### भर्ती में पचास फीसदी आरक्षण की मांग

पृथक पब्लिक हेल्थ कैडर का गठन कर क्लिनिकल व मैनेजमेंट कैडर के एनएचएम कर्मचारियों को समायोजित करने, पद, योग्यता व कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारित करने, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता बरतने, जुलाई 23 को संविदा कर्मचारियों के लिए घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ देने, स्थायीकरण के लिए नीति बनने तक स्वास्थ्य विभाग में हो रही नियमित भर्तियों में एनएचएम कर्मचारियों के लिए मध्य प्रदेश की तरह 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने, सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मियों के परिजनों को मानवीय आधार पर अनुकंपा नियुक्ति की सुविधा देने, नियमित कर्मियों के समकक्ष सवैतनिक चिकित्सा अवकाश, संतान पालन अवकाश, अर्जित अवकाश जैसी सुविधाएं प्रदान करने, चिकित्सकीय आवश्यकता, पारिवारिक दायित्व, पति-पत्नी प्रकरण को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी और मानवीय स्थानांतरण नीति बनाने के अलावा न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेश चिकित्सा बीमा सुविधा देने की मांग की है। इस दौरान संघ के बृजेश ताम्रकार, आकाश तंबोली, अभिशेक शर्मा, मोहन साहू, डॉ आकाश कन्नौजे, संदीप क्षीरसागर, मनमोहन जंघेल, डॉ नेहा साहू, खेमराज साहू, विवेक मेश्राम, सुरेश सहारे, नीतू शर्मा, भारती निर्मलकर डॉ अनुराधा वर्मा, हेमंत साहू सहित दोनो ब्लाक के सौ के आसपास संघ सदस्य मौजूद थे।

---

### ब्रह्माकुमार राजू का आज आगमन



**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से तपस्वी मूर्त राजयोगी ब्रह्माकुमार राजू भाई का शुभागमन कल 17 जुलाई को होने जा रहा है। राजू भाई के सानिध्य में एक दिवसीय योग साधना तपस्या भट्ठी का आयोजन गोकुल नगर के आगे डोंगरगांव रोड बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र ज्ञान मानसरोवर में सुबह 7 से संध्या 7 बजे तक आयोजित किया गया है।

इस योग तपस्या भट्ठी में राजनांदगांव तथा आसपास के जिलों से लगभग एक हजार से भी अधिक साधक भाई-बहनों के आने की संभावना है। उक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दी।


### NAME CHANGE

I Yukti Gidiya, daughte of Ashish Kumar Gidiya, residing at House No. 851 Ward No. 32. Sadar Bazar VIC: Rajnandgaon PO. Rajnandgaon Dist. Rajnandgaon, State-Chhattisgarh Pin- 491441 do here by solemonly affirm and details as under :

1. That I am the deponent herein and competent swear this affidavit.
2. That I say my correct and offical name is Yukti Gidiya, which is mentioned in all my documents.
3. That in ICICI Prudential Mutual Child Care fund Gift Plan under folio No. 2229491/65 my name has been onistakenly mentioned as Ku. Charu Gidiya.
4. That Yukti Gidiya and Ku. Charu Gidiya are one and the same person i.e. my self.
5. That I am making affidavit to declear that the incorrect name Ku. Charu Gidiya should be corrected to Yukti Gidiya in all records of ICICI Prudential Mutual fund Folio No. 2229491/65.
6. That this affidavit is made for the purpose of the correcting the name in mutual fund record and for all future references.

I here by state that whatever is stated above is true and correct to the best of my knowledge and belief.
Place: Rajnandgam.

Swears
**Yukti Gidiya**

## सार समाचार

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने वैष्णव का किया सम्मान

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ मुम्बई का राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक रायपुर में देशभर के वैष्णव पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की पूजा-अर्चना पश्चात पिछले आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर अधिवेशन में सर्वसम्मति से मुहर लगाकर सहमति से पारित किया गया। सामाजिक संगठन में सक्रियता लाकर एकजुटता बनाने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जेके वैष्णव का शाल, श्रीफल व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के भागवताचार्य, प्रतिभाशाली युवा-युवती, चिकित्सा क्षेत्र, संगीत एवं साहित्य आदि क्षेत्र के वैष्णवजन का भी शाल, श्रीफल व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी महासचिव रजनीश वैष्णव ने दी।

### अव्यवस्था दूर करने बुलाई जाए सामान्य सभाः पिल्ले

**राजनांदगांव।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने हल्की सी मानसूनी बारिश में शहर की बदहाल हुई दशा पर चिंता व्यक्त करते नगर निगम



आयुक्त से जल्द ही सामान्य सभा बलाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस हल्की सी बारिश ने शहर की सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। शहर का ऐसा कोई सड़क नहीं है, जो गड्ढों में तब्दील न हुआ हो। बारिश के दिनों में ज्यादातर वार्डों में अंधेरे का साम्राज्य बना हुआ है। बारिश होने पर शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद भी शहरवासियों को एक टाइम पानी दिया जा रहा। शहर के जगह-जगह स्थानों में कचरे का अंबार देखा जा रहा है। बारिश में नालियां जाम पड़ी हुई है। नेता प्रतिपक्ष पिल्ले ने कहा कि निगम द्वारा 1 करोड़ की लाइट खरीदी गई। इसके बाद भी शहर में अंधेरा व्याप्त है। वार्डों में अंधेरे का साम्राज्य बना हुआ है। गत जून माह में सफाई का पुराना टेंडर समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी नया टेंडर नहीं कराया गया।

### कांवड़ियों की सुविधा के लिए मोहारा घाट पर व्यवस्था

**राजनांदगांव।** शहर के मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में सावन सोमवार को जल लेने पहुंचने वाले कांवड़ियों की असुविधा को देखते समस्याओं को



लेकर हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित किए जाने के बाद नगर निगम आयुक्त ने इसे गंभीरता से लिया है और कांवड़ियों की सुविधा के लिए नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था बनाने निर्देशित किया है।

शिवनाथ नदी में कांवड़ियों द्वारा भोर से ही जल लेने पहुंचा जाता है। इस दौरान यहां लाइट की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने और नदी में स्नान करने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का अभाव भी दिखाई देता है। जिसको लेकर नगर निगम आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को मोहारा स्थल में टेंट लगाने, सफाई, लाईट व्यवस्था करने निर्देशित किया है। कर्मचारी प्रति सोमवार सुबह 4 से 8 बजे तक उक्त व्यवस्था करेंगे।

### बाटगांव में 1400 से अधिक पौधारोपण

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मंगलवार को ग्राम बाटगांव में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर 1400 से अधिक वृक्षों का वृक्षारोपण किया



गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहु व जिला पंचायत सभापति किरण बारले भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अश्विनी मुकेश साहू, नरेंद्र वर्मा, नागेश्वर यदु, जनक साहू, ललित साहू, आशा यदु, समेत अन्य लोग शामिल थे।

### युगांतर की भावनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में पहल

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की



छात्राओं के लिए भावनात्मक आत्म नियंत्रण और कृतज्ञता की शक्ति विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला को प्रसिद्ध एनएलपी ट्रेनर दीप्ति बिंदल द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने छात्राओं को आत्मचिंतन, भावनात्मक अभिव्यक्ति और आत्म-संवाद से भरपूर बनाने शानदार प्रयास किया। उनके इन्हीं प्रयासों से छात्राएं अपने भीतर झांकना सीखी और पुराने बोझों को छोड़कर अपने असली स्वरूप से जुड़ने में सफल रही। उनकी आंखों में आंसू थे, लेकिन वे उनकी आत्म-स्वीकृति और भीतर की शांति के थे। यही नहीं छात्राओं ने कृतज्ञता को सर्वोच्च भावना के रूप में अनुभव किया, जिसने उनके दिलों को प्रेम, शांति, और आनंद से भर दिया। युगांतर की यह अभिनव पहल रही है कि विद्यार्थीगण समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़े। इस तरह की रचनात्मक कार्यशाला के आयोजन होने से विद्यार्थियों के न केवल ज्ञान, बल्कि उन्हें अच्छे अनुभव भी प्राप्त हो रहे हैं।

### शहादत पर मदरसा गुलशने रजा में हुई तकरीर

**राजनांदगांव।** हजरत ईमाम हुसैन के शहादत की याद में 12 मुहर्रम को मोतीपुर रामनगर के मदरसा गुलशने रजा में हाजी सलीम रजा की तकरीर



का प्रोग्राम किया गया। कर्बला के शहीदों की शहादत पर हाफिज साहिल रजा और नायब इमाम जानेआलम ने नाते पाक पेश की। तकरीर में हाफिजों कारी हाजी सलीम राजा तहसीनी ने 22 हजार यजीदी फौज के सामने 72 हुसैनियों की शहादत को बयां किया। यजीद की फौज ने फरात नहर पर पहरा लगा दिया था। इमाम हुसैन के काफिले को पानी नहीं दिया और दीन इस्लाम और इंसानियत को बचाने हजरत इमाम हुसैन के भाई अब्बास अलमदार, हुसैन के बड़े बेटे हजरत अली अकबर, 6 महीने के बेटे हजरत अली असगर, हुसैन के भतीजे हजरत कासिम और हजरत इमाम हुसैन सहित सभी करबला के मैदान में शहीद हो गए। तकरीर के मौके पर मदरसा गुलशन-ए-रजा के सदर रज्जाक खान सहित कमेटी के कायम खान, शेख शुभानी, नसिर खान, शेख सुलेमान, निजाम खान, रुस्तम अंसारी, हफीज़ खान, रफीक खान, सद्दाम खान, शेख इमरान सहित कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## न्यू लुक बायो फ्यूल्स पर कार्रवाई की मांग तेज

# लेनदेन के ऑडियो पर एफआईआर नहीं कंपनी के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम फुलझर स्थित न्यू लुक बायो फ्यूल्स कंपनी पर सिंचाई जलाशयों तक अवैध पाईप लाइन बिछाने और जनप्रतिनिधियों को रिश्वत देने के गंभीर आरोपों को लेकर अब विरोध तेज हो गया है। बुधवार को इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार सोमनी क्षेत्र के ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से मिले और त्वरित कार्रवाई की मांग की।

श्री मुदलियार ने कहा कि कंपनी के अनैतिक गतिविधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। जिसके चलते प्रशासन की कार्रवाई शिथिल नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वायरल ऑडियो में भाजपा नेत्री और कंपनी प्रबंधन के बीच हुई कथित बातचीत के बावजूद अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जो जांच की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। अब तक इस मामले की जांच रिपोर्ट का भी कोई अता-पता नहीं है।



### 15 दिनों में पूरी होगी जांच

मुलाकात के दौरान एसपी मोहित गर्ग ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि 15 दिनों के भीतर मामले की जांच पूरी कर कार्रवाई की जाएगी। श्री मुदलियार ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय सीमा के भीतर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती है तो ग्रामीणों के साथ सिलसिलेवार आंदोलन किया जाएगा। इसमें विभागीय कार्यालयों का घेराव और सोमनी थाना के समक्ष विरोध प्रदर्शन शामिल होगा।

### डीवीआर को करें जब्त

पूर्व अध्यक्ष ने यह भी मांग की कि कंपनी के सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर तत्काल जब्त किए जाएं, ताकि सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि इंदावानी जलाशय में पाईप लाइन लगाए जाने को लेकर जल संसाधन विभाग ने हाल ही में कार्रवाई करते पाईप हटाया है, जो यह प्रमाणित करता है कि कंपनी द्वारा की जा रही गतिविधियां अवैध है। इसके बावजूद प्रशासन कई किमी लंबी पाईप लाइन को हटाने में टालमटोल कर रहा है।

### संगठन ने साधी चुप्पी

श्री मुदलियार ने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष पर रिश्वत लेने के आरोप सामने आने के बावजूद पार्टी नेतृत्व ने अब तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। जिलाध्यक्ष की चुप्पी भी संदेह को मजबूत करती है। इस दौरान सोमनी क्षेत्र के देवलाल साहू, मदन साहू, सोमनाथ निषाद, कल्याण देशमुख, रमाकांत बंजारे, तुकाराम साहू, मनोज साहू, लोमत साहू, महेश साहू, दुर्गा साहू, राकेश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आज से शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के निर्देशानुसार श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु एसओपी अंतर्गत प्राप्त निर्देशों का पालन करते जिले के विभिन्न ग्रामों में कल 17 से 31 जुलाई तक सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर में श्रमिकों का बीओसी व असंगठित कर्मकारों का पंजीयन एवं नवीनीकरण किया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने मोबाइल कैम्प में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राजनांदगांव विखं अंतर्गत 17 जुलाई को ग्राम टेड़ेसरा, 25 को ग्राम खपरीकला, 29 को ग्राम गठुला एवं छुरिया विखं अंतर्गत 17 जुलाई को ग्राम लाममेटा, 22 को चिरचारीकला, 25 को बेलरगोंदी, 29 को भोलापुर, 31 को बम्हनी चारभांठा तथा डोंगरगांव विखं अंतर्गत 17 जुलाई को रूदगांव, 22 को केसला, 25 को खुज्जी, 29 को बोदेला एवं 31 जुलाई को आरगांव में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उपस्थिति की अपील की गई है।

## नाबालिग को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत तीन अपहृत नाबालिग को खोजकर पुलिस ने उनके परिजनों को सौंपा। जिससे परिजनों में खुशी की लहर व्याप्त हो गई और पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 जुलाई को प्रार्थियों द्वारा अलग-अलग समय पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिग लड़कियां अपनी सहेली के घर जा रही हूं कहकर निकली है, जो वापस नहीं आई है। आसपास गांव व रिश्तेदारों में पता तलाश किया गया। कहीं पता नहीं चला है। संदेह है कि इनकी नाबालिग लड़कियों को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर इनकी संक्षरण से बिना अनुमति के अपहरण कर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) भा.न्या.सं. पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया।

### 24 घंटे के भीतर खोजा

विवेचना के दौरान प्रकरण को गंभीरता से लेते तीनों प्रकरण के नाबलिग अपहृता की पता तलाश हेतु त्वरित कार्रवाई करते पुलिस की अलग-अलग टीम गठित कर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबीरों एवं तकनीकी साक्ष्यों के मदद से तीनों अपहृताओं को अलग-अलग स्थान से रिपोर्ट दर्ज के 12 घंटों के अंदर सकुशल बरामद किया गया। पुलिस टीम की सतर्कता व सूझबूझ एवं परिजनों की मदद से अपहृताओं के साथ किसी प्रकार की कोई अपराध घटित होने से पहले बरामद कर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्दनामा पर दिया गया।

# नांदगांव विस को मिली शहरी विकास की सौगात

## विधायक रमन ने जताया मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के नगर क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे क्षेत्र की अधोसंरचना सुदृढ़ होगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं प्राप्त होगी।

यह जानकारी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा विधायक डॉ. रमन सिंह को पत्र के माध्यम से दी गई है। स्वीकृत योजनाओं में मुख्य रूप से राजनांदगांव नगर पालिका परिषद, नगरीय क्षेत्रांतर्गत में शामिल है। इन कार्यों में 19 करोड़ 96 लाख से अधिक की लागत से स्टेट स्कूल परिसर में 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण, 14 करोड़ 69 लाख की लागत से गंज चौक से कन्हापुरी तक सड़क चौड़ीकरण, 11 करोड़ 42 लाख की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग जोन परिसर (500 सीटर) निर्माण, 6 करोड़ 58 लाख की लागत से मोहरा फिल्टर प्लांट से गंज चौक एवं नंदई चौक से इंदिरा टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाईप लाइन विस्तार कार्य, 5 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड, लाईट एवं पानी की व्यवस्था, 2 करोड़ की लागत से पेंड्री मुक्तिधाम से अस्पताल तक सड़क, 3 करोड़ 50 लाख की लागत से नारककंधर नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण, 50 लाख की लागत से ऑडिटोरियम की मरम्मत कार्य शामिल है। इस प्रकार कुल 63 करोड़ 65 लाख से अधिक के विकास कार्यों को राजनांदगांव में स्वीकृति मिली है।

### बुनियादी सुविधाओं पर जोर



यह विकास काम क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे न केवल नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा, बल्कि शहरी क्षेत्रों में बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की भी पूर्ति होगी।

**- डॉ. रमन सिंह**, विस अध्यक्ष

# वैष्णव राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने मठ का किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रायपुर में आयोजित बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध श्री दुग्धाधारी मठ मंदिर में भगवान सीताराम, श्री स्वामी बालाजी भगवान संकट मोचन हनुमान का दर्शन किया।

छुईखदान राज परिवार के लाल जेके वैष्णव ने राजेश्री महंत रामसुंदर दास के प्रसिद्धि के बारे में बताया कि बहुत से वैष्णव परिजन भगवान की पूजा स्थल पर राजेश्री महंत का फोटो रखकर पूजा करते हैं। लाल जेके वैष्णव ने पत्रकार ठाकुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा लिखित पुस्तक छुईखदान परत दर परत पुस्तक लिखने की एवं नरेश स्वामी निम्बार्क हरियाणा लिखी पुस्तक महंत बने महाराजा पुस्तक की प्रति अवलोकन प्रदान करते बैरागी राजाओं पर लिखी पुस्तक की



जानकारी साझा किया। इस अवसर पर विष्णुदत्त शर्मा, पीएल बैरागी, ओपी बैरागी, विद्या वैष्णव, गिरधर गोपाल, राकेश दास, आशा राघवेन्द्र दास, डॉ. सौरभ निवार्णी, दिनेश बैरागी, नीलीमा, मनोहर बैरागी, सुमन शर्मा, रजनीश वैष्णव, परमेश्वर वैष्णव, सुखराम दास, रामछबि दास, निर्मलदास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अन्य वैष्णवजन मंदिर परिसर में भोग भंडारा प्रसाद प्राप्त किया।

## ठाकुरटोला में पर्पल फेयर का आयोजन 28 को

**राजनांदगांव।** समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में 28 जुलाई को सुबह 10 बजे से दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगजन द्वारा मेला पर्पल फेयर का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके कौशल प्रदर्शन, रोजगार के अवसरों, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर रोजगार मेला, सहायक उपकरण वितरण, सास्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां, कला गैलरी, स्टॉल प्रदर्शन सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# बाजार में हो रही फुटू की आवक 1200 रु. किलो तक पहुंचा दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के वनांचल क्षेत्र में गरज-चमक के साथ हो रही बारिश के बीच देशी मशरूम की आवक भी शुरू हो गई है। बाजार में फुटू पहुंच रहा है, लेकिन इसके दाम अभी आसमान छू रहे हैं। फुटू तीन सौ रुपए पाव पर बिक रहा है।

अपने अनोखे स्वाद की वजह से बारिश का सीजन लगते ही फुटू के शौकीनों को बाजार में फुटू आने का इंतजार रहता है। जैसे ही यह देशी मशरूम बाजार पहुंचता है, लोग इसे हाथों-हाथ लेते हैं और चंद घंटे में ही सारा फुटू बिक जाता है। शहर के गोल बाजार सहित गुरुनानक चौक, इमाम चौक और प्यारेलाल चौक में फुटू बेचने वाले अपना पसरा लगा रहा है। 1200 रुपए किलो होने के बाद भी आधे-पौन घंटे में ही फुटू बिक जा रहे हैं।

### गुणों से भरपूर

फुटू स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी होता है। इसमें प्रोटीन, विटामिन और खनिजों का एक अच्छा स्रोत मिलता है। फुटू में एंटी ऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं। इसमें विटामिन डी, विटामिन बी सहित कई महत्वपूर्ण विटामिन और खनिज पाए जाते हैं।



### खरीददारों की लग रही भीड़

जिले सहित मोहला-मानपुर जिले के वनांचल क्षेत्र से इन दिनों बड़ी संख्या में फुटू विक्रेता शहर पहुंच रहे हैं। यहां मुख्य सब्जी बाजार सहित चौक-चौराहों पर दुकान लगाकर ग्रामीणों द्वारा फुटू बेचा जा रहा है। जिससे उन्हें अच्छी आवक भी हो रही है। वहीं इस दौरान फुटू दिखते ही खरीददारों की भीड़ भी लग रही है।

### होटलों में भी डिमांड

फुटू की सब्जी को लेकर इसके शौकीनों में खासा उत्साह रहता है। वहीं होटल में भी फुटू सब्जी की अच्छी मांग रहती है। जिसकी वजह से अधिक दाम होने के बाद भी लोग फुटू की खरीदारी करते हैं।

## अचिंत्य ने अबेकस प्रतियोगिता में मारी बाजी

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के होनहार छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते अबेकस प्रतियोगिता 2024-25 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता मलेशिया में आयोजित की गई थी। जिसमें दुनियाभर के सैकड़ों



प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अचिंत्य की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल उनके माता-पिता और शिक्षकों का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है, बल्कि समाज एवं नगर को भी गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर अचिंत्य के परिवार में हर्ष का माहौल है।

## द्रव्य से भाव जुड़ता है और भाव से आत्मीयताः वीरभद्र

# भगवान को उत्तम वस्तु ही करें अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जैन मुनिश्री विनय कुशल के सुशिष्य वीरभद्र (विराग) मुनि ने कहा कि भगवान को हमेशा उत्तम से उत्तम वस्तु ही अर्पित करें। हम जैसी चीज चढ़ाएंगे, जीवन वैसा ही पाएंगे। हम बोलते हैं और वह बोलता नहीं है, इसलिए हम उसे कैसे भी वस्तु अर्पित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि अपक्ष वस्तुएं (समोसा या अन्य) जो चढ़ाने योग्य नहीं होती, उसे अर्पित ना करें।



जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान मुनिश्री वीरभद्र ने कहा कि भगवान, ब्राह्मण एवं ज्योतिष के पास कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भगवान को रोज कुछ अर्पण नहीं कर सकते तो कम से कम महीने में एक बार तो ऐसा कर ही सकते हैं। हालांकि भगवान को किसी भी चीज की कोई जरूरत नहीं है फिर भी द्रव्य अर्पण करने से द्रव्य से भाव जुड़ता है और भाव से आत्मीयता जुड़ती है। समर्थ योग अर्थात कुछ देर में ही केवल ज्ञान की प्राप्ति, यह तभी हो सकता है, जब धर्म हमारे स्वभाव में आ जाए। समर्थ योग के वंदन से केवल ज्ञान की प्राप्ति होती है। आत्मा की पराकाष्ठा में पहुंचने पर समस्त पदार्थ गौण हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि तत्व जब अनुभूति में आ जाए तो वह सम्यक दर्शन हो जाता है। स्वयं को बार-बार जांचे कि अंदर की स्थिति कहां तक पहुंची है।धर्म के प्रति हमारी श्रद्धा जैसी होनी चाहिए आज वैसी नहीं रह गई है।

### धर्म करने का मौका महापुण्य से मिलता है

मुनिश्री ने फरमाया कि अपने शब्दों पर नियंत्रण रखें, अच्छे शब्द बोले, खराब शब्द जिसमें किसी को दुख/ तकलीफ पहुंचे, ऐसे शब्दों का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि धर्म करने का मौका महापुण्य से मिलता है। भगवान की आज्ञा के खिलाफ न जाएं, जो लगातार बदलते रहे वही संसार है। हम इस संसार को अपना मानते हैं, यह कब आगे खिसक जाएगी, कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि हम किसी से कोई वस्तु लेते हैं तो काम होने के बाद उसे वह वस्तु लौटा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह हरदम प्रयास करना चाहिए कि हमारे व्यवहार से कोई दुखी ना हो। हमारी जुबान से किसी को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोचा हुआ कभी पूरा नहीं होता। कोई भी चीज पकड़ में कभी नहीं रहती। हमारे जीवन में जो भी होता है, वह कर्मों की वजह से होता है।



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत कवर्धा ने सरपंच संघ का किया गठन



**कवर्धा।** जनपद पंचायत कवर्धा में सरपंच संघ का गठन गत दिनों गुरूवार को की गई। जिसमें अध्यक्ष द्वारिका चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष मीनू साहू, श्रीमती ममता युवराज जायसवाल, सचिव श्रीमती सरिता रमेश, सहसचिव मदन लाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती अनिता गणेश योगी, संरक्षक भारत बंसे, नारायण साहू, मिडिया प्रभारी श्रीमती दिपिका विपिन तिवारी, प्रकाश यादव नियुक्त किए गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य जिसमें अशोक कौशिक, राजेन्द्र चंद्रवंशी, हरि दिवाकर, लवकुश चंद्राकर, अशोक राजपूत, राजकुमार निषाद, श्रीमती नेहा दिनेश, श्रीमती अश्वनी नरेन्द्र चंद्रवंशी, श्रीमती रमेश्वरी केदार साहू, आनंद कौशिक, श्रीमती चम्पा राजकुमार जांगडे व श्रीमती रितु विनोद धृतलहरे को नियुक्त किया गया।

### कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं, भक्तों और पर्यटकों को अब मिलेगी ठहरने, भोजन व चिकित्सा की सुविधाएं

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से मिलेगी 5 एकड़ भूमि, आबंटन की प्रक्रिया शुरू

- छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अमरकंटक में मिलेगी बड़ी सौगात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन मास में छत्तीसगढ़ से हर वर्ष बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री अमरकंटक पहुंचते हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधा और सम्मान जनक ठहराव के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले के पवित्र तीर्थ स्थल अमरकंटक में छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए 5 एकड़ भूमि का आवंटन मिलने जा रहा है। स्थानीय प्रशासन स्तर पर आबंटन की प्रक्रिया जारी है। आवंटन के बाद इस भूमि पर जल्द ही एक सर्व-सुविधा युक्त श्रद्धालु भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन में श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, स्नान-शौचालय, चिकित्सा व पार्किंग तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले के कलेक्टर द्वारा भूमि आबंटन की प्रकिया जारी है। कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार इस आशय की सार्वजनिक सूचना भी जारी की गई है एवं दावा आपत्ति मांगी गई है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालु हर वर्ष सावन में अमरकंटक पहुंचते हैं, लेकिन अब तक वहां सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार इस आवश्यकता को लंबे समय से महसूस कर रही थी और यह अमरकंटक में भव्य और सर्व-सुविधायुक्त भक्तों, श्रद्धालुओ और पर्यटकों के लिए भक्ति भवन बने। भवन निर्माण के साथ छत्तीसगढ़ की परंपराएं, रीति-रिवाज, लोक संस्कृति और धार्मिक पहचान को प्रदर्शित किया जाएगा।

### अमरकंटक में बनेगा सर्वसुविधा युक्त श्रद्धालु भवन



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का बहुत स्पष्ट मंशा है कि हर श्रद्धालु को ससम्मान, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले। यह भवन आने वाले समय में न केवल सुविधा केंद्र होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक गरिमा और आध्यात्मिक पहचान के रूप में विकसित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मोहन यादव ने इस प्रस्ताव को खुले मन से स्वीकार किया और तत्परता से सभी प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करा रही है, जिसके लिए छत्तीसगढ़वासी सदा आभारी रहेंगे। यह सहयोग केवल भूमि आवंटन भर नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के प्रति सेवा भावना और साझा संस्कृति का आदर भी है।

## ब्लॉक स्तरीय कबड्डी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओ ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कामठी में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आरएन राजपूत व ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी चंद्राकर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के 14,17 व 19वर्ष आयु के बालक-बालिका ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर तथा बीआरसी अर्जुन चंद्रवंशी उपस्थित थे। सभी निर्णायक द्वारा उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तर हेतु चयन किया गया। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गीस, रमेश चंद्राकर, महेश बरेट, संगीता त्रिपाठी, शिवानी वर्गीस, कोमल घृतलहरे, मोहन मुरारी साहू, मुकेश साहू, व्याख्याता तुलस चंद्राकर व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

# भावना ने विधानसभा में डॉयल 112, महिला उत्पीड़न एवं शिशुओं के वैक्सीन भण्डारण के संबंध में पूछा प्रश्न?

### महिलाओं पर हो रहे अपराध पर अंकुश लगाने विधानसभा में उठाया मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन डॉयल 112 आपातकालीन सेवा, महिला उत्पीड़न तथा नवजात शिशुओं की सुरक्षा हेतु वैक्सीन उपलब्धता एवं भण्डारण के संबंध में विधानसभा में प्रश्न पूछा। महिलाओं की मुखर आवाज बनकर उन्होंने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न एवं उनमें संलिप्त आरोपियों पर हुई कार्यवाही तथा महिलाओं से हो रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विधानसभा में मुद्दा उठाया।

इसके साथ ही नवजात शिशुओं की सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने टीकाकरण की उपलब्धता व भण्डारण की व्यवस्था और राज्य सरकार द्वारा आपातकाल सेवा के संचालन को लेकर भी प्रश्न किया। श्रीमती बोहरा ने राज्य सरकार द्वारा डॉयल 112 आपातकालीन सेवा के संबंध में प्रश्न किया कि डॉयल 112 की आपातकालीन सेवा से सम्बन्धित अंतिम टेंडर किस दिनांक को समाप्त हुआ है? टेंडर की समाप्ति के उपरांत वर्तमान में इसका संचालन किस माध्यम से किया जा रहा है? 112 की व्यवस्थित टेंडर प्रक्रिया कब की जावेगी और इसके संचालन में विभाग द्वारा क्या मापदंड और प्राथमिकताएं तय की गई हैं? विभाग द्वारा 112 के सुव्यवस्थित संचालन के लिए अब तक कितने वाहन क्रय किए गए हैं और वर्तमान में इनमें से कितने वाहन कार्यरत हैं तथा इनके द्वारा अब तक तय की गई दूरी कितनी है? इस प्रश्न का लिखित उत्तर में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि डॉयल-112 आपातकालीन सेवा से संबंधित टेंडर वर्तमान में समाप्त नही हुआ है। डॉयल-112 का व्यवस्थित टेंडर किया जाना प्रक्रियाधीन है। विभाग द्वारा डायल-112 योजना का 11 जिलों में संचालन हेतु 252 नग ईआरव्ही वाहन खरीदा गया था, जो वर्तमान में कार्यरत है। ईआरएसएस डॉयल-112 (द्वितीय चरण) का राज्य के सभी जिलो में क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु कुल 396 नग ईआरव्ही वाहन खरीदे गए है। वर्तमान में कार्यरत ईआरव्ही वाहनों द्वारा माह 30 जून 2025 की स्थिति में 7,11,55,231 किलोमीटर की दूरी तय की गई है।

### महिला सुरक्षा संबंधित दर्ज प्रकरणों में से कितने मामलों कों निराकृत किया जा चुका है?

विधायक ने महिला उत्पीड़न के संबंध में प्रश्न पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2023 से जून, 2025 तक महिलाओं से सम्बंधित उत्पीड़न, दहेज, आत्महत्या, हत्या एवं अन्य प्रकरण के कुल कितने आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं? महिला सुरक्षा संबंधित दर्ज प्रकरणों में से कितने मामलों को निराकृत किया जा चुका है? उक्त प्रकरणों में से कितने मामले अभी भी लम्बित हैं? और महिलाओं की सुरक्षा हेतु गृह विभाग की पिंक थाने जैसी क्या कोई विशेष योजना पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भी लागू की जाएगी? यदि हां, तो कब तक लागू की जावेगी? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महिलाओं से संबंधित उत्पीड़न, दहेज, आत्महत्या, हत्या एवं अन्य प्रकरणों के कुल-336 मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें 308 मामले निराकृत किए गए हैं एवं 28 प्रकरण विवेचनाधीन हैं। पिंक थाना के संबंध में उन्होंने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र कबीरधाम जिला अंतर्गत ही आता है। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 02 जनवरी 2025 अनुसार जिला कबीरधाम (कवर्धा) अन्तर्गत आने वाले सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए महिला पुलिस थाना, कबीरधाम की स्थापना की गई है।

### कबीरधाम अंतर्गत नवजात शिशुओं को लगने वाली वैक्सीन के भंडारण की क्षमता कितनी है?

भावना बोहरा ने नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि कबीरधाम अंतर्गत नवजात शिशुओं को लगने वाली वैक्सीन के भंडारण की क्षमता कितनी है? स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवजात शिशुओं हेतु वैक्सीन के भंडारण को लेकर निगरानी एवं रख-रखाव हेतु कौन-कौन से नियम बनाए गए हैं? उक्त नियमों के पालन हेतु क्या कोई कमेटी गठित की जाती है? यदि हां, तो कमेटी का संचालन किसके द्वारा किया जाता है? यदि नहीं तो वैक्सीन भंडारण की निगरानी की जवाबदारी जिले स्तर पर किनकी होती है? नवजात शिशुओं को वैक्सीन देने के क्या नियम एवं मापदण्ड हैं? क्या बच्चों को वैक्सीन देने के पूर्व उक्त मापदण्ड अनुसार जाँच की जाती है? यदि वैक्सीन देने के पश्चात बच्चों के साथ कोई भी दुर्घटना या हानि होती है तो उसकी जवाबदारी किसकी होती है? प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि जिला कबीरधाम (छ.ग.) अंतर्गत नवजात शिशुओं को लगने वाली वैक्सीन के भंडारण की कुल क्षमता 3682 लीटर प्रतिमाह है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीन भंडारण को लेकर निगरानी एवं रखरखाव हेतु कोल्ड चेन पॉइंट्स पर आईस लाईन रेफ्रिजिरेटर (आईएलआर) में वैक्सीन 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखा जाता है। आईस लाईन रेफ्रिजिरेटर में थर्मामीटर रखा जाता है, जिससे प्रतिदिन दो बार सुबह व शाम तापमान का अवलोकन कर कोल्ड चेन हैण्डलर द्वारा तापमान लॉगबुक में अंकित किया जाता है, आईस लाईन रेफ्रिजिरेटर में तापमान लॉगर लगाया गया है, जिसके माध्यम से भी आईएलआर के तापमान की निगरानी की जाती है। टीकाकरण संबंधी समस्त गतिविधियों की निगरानी सेक्टर, विकासखण्ड व जिला स्तरीय टीम एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूनाईटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम व अन्य डेवलपमेंट पाटर्नस के द्वारा की जाती है।

# सैहामालगी से कोदवा व कोलेगांव से हथमुड़ी सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी से कोदवा और कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण राहगीरो को पैदल चलना दुर्लभ हो गया है। सड़क जर्जर होने के कारण डबरी या तालाब में तब्दील हो चुका है। वहीं जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे होने के कारण ज्यादातर छात्र-छात्राओं को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार व गिरकर चोटिंल हो रहे है। जिस पर ग्रामवासियों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि राहगीरों को सुविधा मिल सके, लेकिन शासन प्रशासन व जिम्मेदारों की भारी अनियमितता व अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणो व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

### सड़क मरम्मत कार्य में भारी अनदेखी, राहगीर परेशान

जिले के ज्यादातर सड़कों की स्थिति जर्जर व बदहाल है जिसके कारण लोग परेशान हैं और सड़कों की मरम्मत और सुधार की मांग कर रहे हैं। सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है , लेकिन प्रशासन व जिम्मेदारों को समस्या के समाधान के प्रति कोई रूचि नही दिखाया जा रहा है। सड़कों पर जगह जगह गड्ढे होने से सड़क डबरी में तब्दील हो चुकी है लोगों को आवागमन में बहुत परेशानी हो रही है। खासकर बारिश के मौसम में सड़क पर पानी से भर जाते हैं, जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है।

## सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने नव पदस्थ डीईओं से सौजन्य मुलाकात की



**हरिभूमि कवर्धा।** बुधवार को सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर उनका गुलदस्ता से स्वागत किया गया। संगठन ने अपनी विभिन्न स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें प्रमुख रूप से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित मामले, 2022 मे हुए प्रधान पाठक पदोन्नति के अंतर राशि, सर्विस बुक संधारण आदि शामिल हैं। जिस पर त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया गया । जिला शिक्षा अधिकारी ने फेडरेशन के पदाधिकारी एवं शिक्षक साथियों के इस मुलाकात से हर्ष व्यक्त किया और शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के भविष्य सुधारने हेतु अच्छे प्रयास करने का सुझाव दिया गया एवं फेडरेशन को आश्वस्त किया कि शिक्षक हित मे उनकी हर समस्या का निराकरण यथासंभव किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से संगठन जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर, कार्यकारी जिला अध्यक्ष केशलाल साहू, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष धरमू कुर्रे, राजेंद्र शर्मा, हरीश धुर्वे, श्रीमती अर्चना तिवारी, श्रीमती रश्मि केशरवानी, श्रीमती सपना जॉय, श्रीमती पूर्णिमा कश्यप, हितेंद्र सोम, झुमुक लाल बंछोर, करन सिदार, मनोज तिवारी, महेश जायसवाल, मनोज कौशिक, संजय साहू, संजय धावड़े, टीकाराम सोनकर, हेमदीप निषाद, साकेत सिंह राज, अनिल श्रीवास्तव, रामचंद साहू, विवेक तिवारी, भागवत सोनी, मोहन राजपूत, विसर्जन साहू, शंकर पाली, गोपाल चंद्राकर, राजेश भगत आदि सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थें।

## सौम्यश्री बिशी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि, अभाविप ने जताया गहरा शोक, की न्याय की मांग



**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा सौम्यश्री को मोमबत्तियां जलाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। उड़ीसा के बालासोर जिले में स्थित फकीर मोहन रवायत कॉलेज की छात्रा व विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता बहन सौम्यश्री बिनी की आत्मदाह के बाद पूरे छात्र में शौक संवेदना व्याप्त है। कॉलेज के विभागाध्यक्ष समीर कुमार साहू द्वारा लगातार बहन के ऊपर आंतरिक टिप्पणी व शोषण के लिए दबाव बनाया जा रहा था, ऐसा नहीं करने पर उसके अटेंडेंस और मार्क्स इधर-उधर करने व शैक्षणिक करियर बर्बाद करने की धमकी देने लगे, बहन द्वारा छः महीने पहले उसकी शिकायत आंतरीक शिकायत समिति को दी थी। उनके द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। बहन पुरी तरह प्रताड़ित हो चुकी थी, जिसके चलते उन्होंने आत्मदाह करने का निर्णय लिया और वे जीवन और मृत्यु की इस लड़ाई में हार गई। वहीं पूरे छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है। जिस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषर ने सौम्यश्री की असमय और दर्दनाक मृत्यु के लिए जिम्मेदार विभागाध्यक्ष पर कठोर कार्यवाही की मांग की है और संबंधित राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल न्यायिक जांच की अपील की है।

# त्रिशा स्कूल गोछिया में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



त्रिशा पब्लिक स्कूल गोछिया में शनिवार को हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच गोविंद कौशिक, विशिष्ट अतिथि सचिव चंद्रशेखर चंद्रवंशी व संकुल समन्वयक ताकेश्वर कौशिक उपस्थित थें। जिसमें अतिथियो द्वारा नव-प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं का स्वागत किया तत्पश्चात पुस्तक वितरण किया गया। जिस पर मुख्य अतिथि सरपंच गोविंद कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है, बच्चों को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। वहीं सचिव चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने भी पढ़ाई का महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन से जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और ऊर्जा का संचार होता है। इस शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती मोहिनी मानिकपुरी, श्रीमती सुषमा कौशिक, श्रीमती तृप्ति कौशिक, लुकेश्वरी कौशिक, सोनल भट्ट और स्कूल सहायक मोरध्वज कौशिक, आदित्य कौशिक सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिका और विद्यार्थी गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक सतानंद सेन द्वारा किया गया।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग से गुंजा हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, भक्तिमय वातावरण में बही आध्यात्मिक सरिता

# शिव-पार्वती विवाह से मिली भक्ति, धैर्य व समर्पण की प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी कवर्धा-जोराताल में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा स्थल भक्ति एवं आध्यात्मिकता की भावना से सराबोर रहा। इस अवसर पर पार्वती प्राकट्य महोत्सव, तपस्या प्रसंग एवं शिव-पार्वती विवाह महोत्सव की दिव्य और प्रेरणादायी कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। कथावाचक वैष्णवाचार्य सुरेंद्र दास महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) ने अपनी मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली में कथा का रसपान कराया।

उन्होंने माता पार्वती की कठोर तपस्या और भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट भक्ति का वर्णन करते हुए बताया कि यह विवाह निःस्वार्थ प्रेम, समर्पण और अध्यात्मिक एकता का प्रतीक है। आचार्य श्री ने कहा कि पार्वती ने जिस प्रकार भगवान शिव को पाने हेतु तपस्या की, वह हमें सिखाता है कि लक्ष्य कितना भी कठिन क्यों न हो, सच्ची श्रद्धा और संकल्प से उसे प्राप्त किया जा सकता है। भक्ति और समर्पण पार्वती की भक्ति हमें यह संदेश देती है कि जब निष्ठा अडिग होती है, तब ईश्वर स्वयं भक्त के चरणों में आते हैं। वर्षों की तपस्या इस बात का प्रमाण है कि कठिनाईयां चाहे जितनी हों, धैर्य से पार किया जा सकता है। आध्यात्मिक सद्भाव और प्रेम शिव-पार्वती का मिलन हमें यह सिखाता है कि प्रेम केवल भावनात्मक नहीं बल्कि आत्मिक जुड़ाव का प्रतीक है। कथा के दौरान हर हर महादेव और जय शिव शंकर के जयघोषों से वातावरण गूंज उठा। श्रोताओं की भारी उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे मनोयोग से कथा का श्रवण किया। कथा श्रवण करते समय कई श्रोता भाव-विभोर होकर भक्ति रस में झूमते दिखे। हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा समापन किया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील कर आगामी दिनों में भी इस पुण्य कथा में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ लें।

## खबर संक्षेप

### विश्व युवा कौशल दिवस पर सेमीनार का आयोजन

**कवर्धा।** मेरा युवा भारत कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के संयुक्त तत्वधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में एसबीआई आरसेटी कवर्धा मे विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरसेटी के संचालक के. साहू, फैकल्टी रामचंद्र साहू, कार्यालय सहायक विक्टर कोरिया, हेमचंद धुर्वे, प्रशिक्षक श्रीमती रानू सिंह एवं सोमू सिंह राजपूत साथ में प्रशिक्षण ले रहे सभी प्रशिक्षार्थी कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक परषोत्तम निर्मलकर के द्वारा सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवा सशक्त बनें जिससे युवा स्वरोजगार प्राप्त करें। प्रत्येक युवा आत्मनिर्भर बने, एवं स्वयं का रोजगार प्राप्त कर दूसरों को भी रोजगार दे और एक दूसरे को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। हर युवा को एक विशेष क्षेत्र में स्किल प्राप्त करना चाहिए और अपने हुनर के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें और अपने जीवन को बेहतर बनाते हुए देश के नवनिर्माण में अपना विशेष योगदान दे। आभार प्रदर्शन सूरज निर्मलकर के द्वारा किया गया।

### विशेष शिविर का आयोजन 19 जुलाई को

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार बालाजी मेडिकल सेंटर द्वारा जिला चिकित्सालय कवर्धा में 19 जुलाई 2025 शनिवार को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में बालाजी मेडिकल सेंटर रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कैंसर एवं बोन मैरो संबंधी परीक्षण, मुख कैंसर परीक्षण (माउथ स्कैनिंग), हीमेटोलॉजी एवं रक्त संबंधी बीमारियों की जांच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर विशेष रूप से कैंसर एवं रक्त संबंधी बीमारियों के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं इलाज के लिए आयोजित किया जा रहा है। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### कांवड़ियों के लिए जारी किए गए संपर्क नम्बर

**कवर्धा।** श्रावण मास की पावन कांवड़ यात्रा में अब श्रद्धालुओं की राह और भी सहज और सुगम हो गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की सक्रिय पहल और दूरदर्शी मार्गदर्शन में कवर्धावासियों के लिए अमरकंटक यात्रा के दौरान विशेष ठहराव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

अमरकंटक, लमनी और खुड़िया जैसे प्रमुख पड़ावों पर विश्राम के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर अपनी यात्रा पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ पूरी कर सकें। कांवड़ियों की सुविधा के लिए संपर्क नंबर भी जारी किए गए हैं, जो उनकी यात्रा को और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाएंगे। यह पहल छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी सोच और सांस्कृतिक संवेदना का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

**हत्या:** अज्ञात आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार, जांच में जुटी पुलिस

# घर में अकेली युवती के गले में सब्बल घोपकर निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कोलेगांव

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार बढ़ते हत्या जैसे संगीन आपराधिक मामलों के बीच बुधवार को पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खैरवार से हत्या का एक सनसनीखेज और दिल को दहला देने वाला मामला सामने आया है। जिसमें अज्ञात आरोपी द्वारा एक युवति के गले में सब्बल घोपकर उसकी निर्मम हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पंडरिया सहित कवर्धा तथा कुण्डा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और घटना स्थल से मृतका का शव बरामद कर मौका मुआयना पश्चात आरोपी की तलाश में जुट गई है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खैरवार कला निवासी रूपचंद धृतलहरे की पुत्री दिव्यानी धृतलहरे आयु 16 वर्ष बुधवार की दोपहर को घर पर अकेली थी। बताया जाता है कि उसके पिता तथा घर के दूसरे सदस्य खेत में काम करने गए थे। वहीं घर के बच्चे स्कूल गए थे। बताया जाता है कि इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिव्यानी के घर में घुसकर तथा उसे अकेला पाकर लोहे के सब्बल को उसके गले में घोपकर उसकी निर्मम हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मृतका के परिजनो को तब हुई जब दोपहर करीब 12.00 बजे घर के बच्चे स्कूल से वापस लौटे। उन्होने दिव्यानी का शव घर में ही पड़ा देखा जिसकी जानकारी तत्काल ग्रामीणों तथा अपने परिजनो को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनो ने बाद में घटना से पंडरिया पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर लिया है। वहीं मौके से हत्या में प्रयुक्त सब्बल बरामद कर अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है लेकिन बताया जाता है कि अभी तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



### ग्राम खैरवार कला में सनसनी के साथ दहशत

ग्राम खैरवार निवासी एक परिवार के घर में अकेली युवति की इस तरह से अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किए जाने की खबर फैलते ही पूरे गांव में सनसनी के साथ दहशत फैल गई है। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलते ही पूरा गांव मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने मृतका के शव को पीएम के लिए भेज दिया है और जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी का भरोसा मृतका के परिजनो व ग्रामीणों को दिया है।

### घटना की सूक्ष्म जांच जारी है

ग्राम खैरवार में एक युवित की गले में सब्बल मारकर अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या किए जाने का मामला सामने आया है जिसकी पुलिस टीम द्वारा शव बरामद कर सूक्ष्म जांच की जा रही है।

**धर्मेन्द्र सिंह**, पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम

### आखिर क्यों की गई हत्या?

हत्या के इस सनसनीखेज मामले में जहां पुलिस अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने में जुटी है वहीं इस बात की भी जांच की जा रही है कि आखिर युवति की हत्या किन कारणों से और किन परिस्थियों में की गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले में कई अलग-अलग एंगलों से जांच की जा रही है। इसके लिए कई टीमे भी बनाई गई है।



# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर चढ़ा पुलिस के हत्थे

- आरोपी की उड़ीसा से की गई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा गत 13 जुलाई को चिल्फी में एक ट्रक के गुप्त चैंबर से 120 किलो गांजा जब्त कर दो अंतर्राज्यीय तस्करों की गिरफ्तार किए जाने के मामले में अब पुलिस ने एक और आरोपी की गिरफ्तारी की है। इस प्रकरण में निरंतर विवेचना करते हुए पुलिस ने 16 जुलाई को जिले में गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा इस नेटवर्क से जुड़े तीसरे आरोपी को उड़ीसा से गिरफ्तार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि गत 13 जुलाई को मुखबीर के जरिए पुलिस को सूचना मिली थी की ट्रक के जरिए बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 120 किलो ग्राम गांजा जप्त किया था। अब इसी मामले में विवेचना को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने आरोपी दतात्रेय मिश्रा उर्फ दत्ता मिश्रा, आयु 42 वर्ष, निवासी देऊली, थाना आठमालिक, जिला अंगुल, राज्य उड़ीसा को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि उक्त आरोपी ही इस प्रकरण में गांजा का मुख्य सप्लायर है, जो गांजा की खेप उड़ीसा से राजस्थान भेजने की साजिश में शामिल था। आरोपी को बुधवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आगे की पूछताछ की जाएगी। प्रकरण में धारा 29 एनडीपीएस जोड़ा है और पुलिस रिमांड के दौरान अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका को उजागर करने की दिशा में गहन पूछताछ की जा रही है।

# कांग्रेस ने पोड़ी सड़क के गड्ढों में लेटकर किया प्रदर्शन

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर जमकर की नारेबाजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा से गुजरने वाले जर्जर व खस्ताहाल निर्माणाधीन रायपुर-जबलपुर बाईपास मार्ग में बने गड्ढों में भरे बारिश के पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अब गड्ढों से पटी और बारिश के पानी से भरी ग्राम पोड़ी की सड़क में लेटकर प्रदर्शन किया और इस सड़क को जल्द से जल्द दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि जुलाई माह के शुरूआती दिनो में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के लोगों के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा से गुजरने वाली रायपुर-जबलपुर बाईपास की खस्ताहाल तथा जर्जर स्थिति तथा संबंधित विभाग व ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही के चलते वाहन चालकों तथा क्षेत्रवासियों को रही समस्याओं को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया था। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों से संबंधित तख्तियां हाथो में लेकर सड़क में निर्मित पानी से भरे गड्ढों में बैठकर सड़क मरम्मत की मांग स्थानीय विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से की थी। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस विरोध प्रदर्शन के बाद नेताओं के बीच बयानो का दौर शुरू हो गया था और इन्हीं बयानो को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री सोशल मीडिया में आमने सामने आए गए थे। इसी बयानबाजी के दौरान कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने इन गड्ढों को कांग्रेस सरकार की नाकामी तथा उन्ही की देन बताते हुए प्रदर्शनकारियों को सड़क में बने गड्ढों में बैठकर नहीं बल्कि लेटकर तथा मुंह छिपाकर प्रदर्शन करने की सलाह दे डाली थी। बुधवार पोंड़ी मार्ग में निर्मित गड्ढों में भरे बारिश के पानी में लेटकर प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि जिले की खस्हाल सड़कों के नवीनीकरण तथा मरम्मत की मांग वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार की जा रही थी ताकि लोगों को बारिश के दिनो में आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन आज जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर जिले के कई प्रमुख मार्गो से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों के मार्ग चलने लायक नहीं रह गए हैं। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानो और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि इस स्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जनहित में सड़क निर्माण की मांग करने पर उन्हें सत्ताधारी नेताओं द्वारा सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने की सलाह दी जा रही है। जिसे स्वीकर करते हुए आज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पोड़ी मार्ग में निर्मित सड़क के गड्ढों में लेटकर शासन से जनहित में जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया एवं इंदौरी में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु 4 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सक्रियता एवं क्षेत्र के विकास हेतु उनके प्रयासों से पंडरिया विधानसभा को निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। आज उनके प्रयासों से पंडरिया नगर पालिका एवं नगर पंचायत इंदौरी में खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल सके इसके लिए मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु 2-2 करोड़ रुपए की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा दी गई है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया और समस्त विधानसभावासियों को बधाई दी। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि युवाओं के बेहतर भविष्य, रोजगार, स्वावलंबन एवं शिक्षा के साथ-साथ खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी कई प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जो साधन व संसाधन की वजह से पीछे रह जाते थे। विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान युवाओं व खिलाड़ियों द्वारा एक सर्वसुविधायुक्त मिनी स्टेडियम की मांग प्रमुखता से आती थी जिसके लिए मैनें निरंतर प्रयास किया और आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा उसे पूरा करते हुए 2 करोड़ की लागत से नगर पालिका पंडरिया एवं 2 करोड़ की लागत से नगर



पंचायत इंदौरी में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूँ और इस सौगात के लिए हमारे युवा खिलाड़ियों व विधानसभा वासियों को बधाई देती हूँ। उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर वह सुविधा उपलब्ध कराएं जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिले और वे राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन कर हमारे पंडरिया विधानसभा एवं छत्तीसगढ़ का नाम वैश्विक मंच पर रोशन करे। इस मिनी स्टेडियम के निर्माण स्थानीय युवाओं को खेल सुविधाओं का लाभ मिलेगा और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस कदम से न केवल खेल सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी मदद मिलेगी। मिनी स्टेडियम में विभिन्न खेलों के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और करियर बनाने का अवसर प्रदान करेगा। मिनी स्टेडियम के निर्माण से युवाओं में शारीरिक दक्षता में सुधार होगा, जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि खेलों को बढ़ावा देने से युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होंगे, जो उनके सामाजिक और व्यक्तिगत विकास में सहायक होंगे।

# चार परिवार को 16 लाख रूपए की आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है।

इसके तहत कवर्धा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम खाम्ही निवासी प्रताप सिंह की नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता गणेशराम धुर्वे को, पंडरिया अंतर्गत ग्राम पाण्डातराई निवासी अंकित चंद्रवशी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता महेश चंद्रवंशी, सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम अचानकपुर निवासी आशु धुर्वे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके मां श्रीमती शिवबती को और भरत कुकार साहू की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता थानूराम को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### नवघटा स्कूल में लगाए गए पौधे



**स लोहारा** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवघटा में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शाला प्रांगण में वृक्षारोपण कराया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, सदस्य धन्नू राम मेरावी, चित्रांगद बघेल, मुकेश सिंह ठाकुर, धन सिंह श्रीवास, राम लखन मेरावी, सियाराम डड़सेना, संस्था के प्राचार्य एमएल देवांगन, उप प्राचार्य श्रीमती रंजना वैदे, टीपी वर्मा एवं संकुल समन्वयक अनिल बघेल व संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्रा उपस्थित थे। इस दौरान स्कूल परिसर में पौध रोपण कर लगाए गए पौधों की सुरक्षा की शपथ ली गई।

**स्कूली बच्चों की स्वयं कटिंग बनाकर कर रहे मदद, बच्चों के परिवार का खर्च बचाने की मंशा**

# बाहुआयामी प्रतिभा के धनी बोड़ला में पदस्थ शिक्षक पुनाराम पनागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ला में पदस्थ शिक्षक पूनाराम पनागर को बाहुआयामी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। अपने छात्र जीवन से प्रतिभावान रहे शिक्षक पूनाराम पनागर की पहली पदस्थापना वनांचल बोक्करखार पंचायत के प्राथमिक शाला महलीघाट स्कूल में हुई थी। बताया जाता है कि जब बरसात के दिनों में कीचड़ से भरे दुर्गम रास्ते में उन्हें आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था तो वे गेंड़ी से स्कूल जाते थे तब लोग हंसते थे। लेकिन एक दौर ऐसा भी आया जब उन्होंने इसी गेंड़ी में दौड़कर दो बार राज्य स्तरीय खेल में ट्रॉफी प्राप्त कर जिले को गौरवांवित किया। अपनी ऐसी ही अनोखी गतिविधियों के लिए चर्चित शिक्षक पुनाराम पनागर अब बच्चों के बाल काटने को लेकर सुर्खियों में हैं। श्री पनागर बैगा आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को अपने साथ रखकर व्यक्तित्व विकास की कड़ी में, बाल काटने की कला में भी सिद्धहस्त हो गए और वे गांव के बड़े बुजुर्गों के भी फ्री में सेविंग कटिंग करते हैं। छात्रावास में रह रहे बच्चों के बाल फ्री में काटते हैं ताकि उनका 40 रूपए बचे और वे उस राशि का उपयोग अपने शैक्षणिक कार्य में कर सकें। श्री पनागर वृक्षारोपण में भी रुचि रखते हैं। उन्होने हर साल 10000 रूपए वृक्षारोपण के लिए खर्च करने का निर्णय लिया है। जुलूस, जयंती, सांस्कृतिक गतिविधि जैसे विभिन्न आयाम में उनकी भूमिका रहती है। क्षेत्र का पहला बैगा आदिवासी शिक्षक पंचूराम मेरावी, जो कभी पढ़ाई छोड़, भेड़ बकरी चराने वालों के पास चले गए थे उनकी तलाश कर उन्हें शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़कर इस काबिल बनाया कि आज वह शिक्षक बनकर क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा श्रोत बन गए है। शिक्षक पूनाराम पनागर सरकारी विद्यालय के बच्चों को 15 वर्षों से निःशुल्क में ट्यूशन पढ़ा रहे है और उन्होने छत्तीसगढ़ की प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को 10000 रूपए पुरस्कार देने की घोषणा की है। ताकि सरकारी स्कूल, सरकारी संस्था के प्रति लोगों में जागरूकता आए। शिक्षक पुनाराम पनागर के इस अंदाज और कार्यों को लेकर वे पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

# वनवासियों को नहीं मिल पा रही सुचारू रूप से बिजली, सब स्टेशन की व्यवस्था सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई/कुकदुर

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम कुई विद्युत सब स्टेशन के ग्रामीण उपभोक्ताओं को बारिश के इन दिनो में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते विद्युत सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्र के करीब नब्बे ग्रामों के विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार वनांचल के कुई विद्युत सब स्टेशन की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। आलम ये है कि इस सब स्टेशन के उपभोक्ताओं को चौबिस घंटों में बमुस्किल कुछ घंटे ही विद्युत आपूर्ति हो पा रही है। यहां तक की बारिश नहीं होने पर भी सब स्टेशन से बिजली अपूर्ति ठप कर दी



जाती है और अगर एक बार बिजली बंद हुई तो घंटो तक गायब रहती है। कई-कई दिन तो पूरी रात बिजली घायब रहती है। जिसके कारण लोगों को गर्मी, उमस के साथ ही मच्छरों के दंश से पूरी रात हलाकान और परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुई सब स्टेशन में लगातार हो रही विद्युत कटौती, लो वोल्टेज जैसी समस्याओं की शिकवा शिकायत करने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। यहां तक की दिन के समय बिजली आपूर्ति ठप रहने पर शिकायत के बाद भी बिजली कर्मी सुधार कार्य के लिए नहीं पहुंचते। जिससे उपभोक्ताओं में भारी असंतोष व नाराजगी देखने को मिल रही है। उन्होने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने तथा उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराए जाने की मांग की है।